



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22


# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच





वर्ष- 14 अंक - 219 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 23 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### पीएम मोदी की डिग्री मामले में गुजरात कोर्ट के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल, फिर भेजा गया समन

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के मामले को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। जहां थोड़े दिन पहले ही गुजरात हाईकोर्ट ने पीएम मोदी की डिग्री दिखाने से जुड़े आदेश को खारिज कर दिया था। साथ ही केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। वहीं, अब अहमदाबाद की अदालत ने एक बार फिर दिल्ली के सीएम और उनकी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को तलब किया है। दोनों को सात जून को अदालत में पेश होना होगा।

याचिकाकर्ता के वकील अमित नायक ने पत्रकारों को बातचीत की। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने 15 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को कोर्ट में पेश होने को कहा था। इसे लेकर आज सुनवाई होनी थी। लेकिन, ऐसा लगता है कि समन में ज्यादा स्पष्टता नहीं थी, इसलिए आज सुनवाई टल गई है। न्यायाधीश ने फिर से आदेश दिया है कि दोनों आरोपियों को नया समन जारी किया जाए। मामले में अगली सुनवाई 7 जून को होगी।

### नेशनल म्युथाई बाक्सिंग चैंपियनशिपः सीजी के 61 खिलाड़ियों का चयन, इसमें 28 बस्तर से, 25 मई से होगी चेन्नई में

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के 61 खिलाड़ियों का चयन नेशनल म्युथाई बाक्सिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा बस्तर के खिलाड़ी शामिल हैं। अकेले बस्तर से 28 खिलाड़ी हैं। जबकि रायपुर से रायपुर से 16, बालोद से नौ और कोरबा से आठ खिलाड़ियों को चुना गया है। यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इंडिया (UMAI) की ओर से चेन्नई में इस प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 मई के बीच किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप और प्रो नाईट फाइट होगी। प्रतियोगिता सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग में होगी। प्रतियोगिता में बस्तर जिले से 9 बालिका और 19 बालक का चयन किया गया है। यह टीम कोच अब्दुल मोईन, नवीन ठाकुर महिला कोच, मकसुदा हुसैन, सुमन राव व मैनेजर राजेन्द्र राजपूत, कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में भाग लेने के लिए रवाना होगी।

## अब तक के सबसे बड़े नक्सली हमले की तैयारी विफल!

# एक ट्रेक्टर भरकर बड़े लीडरों तक पहुंचाया जा रहा था विस्फोटक, छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 10 गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर जवानों ने 10 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ट्रैक्टर भरकर विस्फोटक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक भरकर बड़े माओवादी लीडरों के पास ले जाया जा रहा था। यह भी सामने आया है कि इस विस्फोटक का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ या फिर तेलंगाना में हमले के लिए होना था। यह इस साल के सबसे बड़े नक्सली हमले की तैयारी थी। पकड़े गए नक्सलियों में पांच बीजापुर के रहने वाले हैं। बॉर्डर इलाके में कार्रवाई तेलंगाना के भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने की है।

### दुमुगुडेम मंडल में सर्चिंग अभियान चलाकर पकड़ा

तेलंगाना पुलिस की ओर से बताया गया कि, सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन के सदस्य भारी मात्रा में विस्फोटक लेकर मुलाकानापल्ली और दुमुगुडेम मंडल के एक ठिकाने पर मौजूद हैं। इसके आधार पर भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने दुमुगुडेम पुलिस और सीआरपीएफ की 141वीं बटालियन के जवानों की एक टीम बनाई। इसके बाद जवानों ने इलाके के गांवों और उससे लगे जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया। इसमें गांव के ही नजदीक 10 संदिग्धों को पकड़ लिया गया। उनकी निशानदेही पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।

### पूछताछ में और भी हुए खुलासे

गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि ये सारा बारूद बड़े माओवादी लीडरों ने मंगवाया था। उन्हीं के पास लेकर जा रहे थे। इसका उपयोग किसी हमले के लिए किया जाना था। भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने बताया कि, इन सभी से पूछताछ में कई खुलासे भी हुए हैं। इनके पास से बरामद किए गए बारूद की कीमत लाखों में है। हालांकि, माओवादी ये विस्फोटक सामान कहां से लेकर आ रहे थे पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया है। अफसरों ने कहा कि, जल्द ही माओवादियों के इस सप्लाई चेन को भी तोड़ा जाएगा।



### 500 डेटोनेटर, 90 बंडल कार्डेक्स वायर बरामद

पुलिस ने बताया कि बरामद सामान में एक ट्रैक्टर, एक बोलेरो वाहन समेत दो बाइक शामिल है। इन वाहनों की तलाशी लेने पर एक ट्रैक्टर भरकर विस्फोटक मिला है। इसमें करीब 90 बंडल कार्डेक्स वायर, 500 डेटोनेटर समेत अन्य विस्फोटक सामान बरामद हुआ। जिसके बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला की इनमें से पांच आरोपी नक्सली तेलंगाना और पांच छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ इलाके के रहने वाले हैं। सभी आरोपी पिछले कई सालों से माओवादी संगठन के लिए काम कर रहे थे।

### इन नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार

सममैया (36) निवासी- वारंगल
अरेपल्ली श्रीकांत (23) निवासी- वारंगल
मेकाला राजू (36) निवासी- वारंगल
रमेश कुम (28) निवासी- वारंगल
सल्लापल्ली (25) निवासी- वारंगल
मुचाकी रमेश (32) निवासी- बीजापुर
सुरेश (25) निवासी- बीजापुर
बाडसे लालू (22) निवासी- बीजापुर
सोडी महेश (20) निवासी- बीजापुर
मडवी चेतु (21) निवासी- बीजापुर

## ज्ञानवापी पर वाराणसी जिला जज का बड़ा आदेश, एक साथ सुने जाएंगे सभी सात मामले

**वाराणसी (एजेंसी)।** ज्ञानवापी से जुड़े सात मामलों की सुनवाई एक साथ, एक अदालत में किए जाने से संबंधित मांग पर मंगलवार को कोर्ट ने फैसला दे दिया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने सभी मामले एक साथ सुनने का आदेश दिया है। यानी की अब सात मामलों की सुनवाई एक साथ, एक अदालत में होगी। बता दें कि, इस मामले की सुनवाई सोमवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में हुई। वादिनी महिलाओं के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी के मुताबिक, अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।



मां श्रृंगार गौरी प्रकरण की चार महिला वादिनियों सीता साहू, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और रेखा पाठक की ओर से जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया था। अदालत से अनुरोध किया गया था कि ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े एक ही प्रकृति के सात अलग-अलग मुकदमों की सुनवाई जिला जज की अदालत में की जाए। इसके बाद जिला जज की अदालत ने आदेश पारित किया और अलग-अलग मुकदमों से संबंधित फाइलें तलब कीं। मामले में सभी पक्षों के बयान पहले ही दर्ज हो चुके थे।

## ऑटो वालों की गुंडागर्दी, सिटी बस में तोड़फोड़ कर ड्राइवर को पीटा, बस चालकों ने कहा बिना सुरक्षा नहीं चलेंगी बसें

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। ऑटो वालों की गुंडई बढ़ती जा रही है। बिलासपुर में यात्रियों से मारपीट करने के बाद अब उनके हौसले और बुलंद है। अब कोरबा में सिटी बस को अपना निशाना बना रहे हैं। सोमवार को ऑटो चालकों ने एकत्र को होकर एक सिटी बस में तोड़फोड़ कर दी और चालक से मारपीट की। इसके बाद सभी सिटी बस चालक थाने पहुंच गए और वहां सुरक्षा की मांग करने लगे। चालकों ने बस को खड़ा कर दिया और कहा कि बिना सुरक्षा के नहीं चलाएंगे। इससे पहले भी यात्रियों को जबरदस्ती बस से उतारकर ऑटो में बिठा चुके हैं। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, कोरबा रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर करीब दो बजे सिटी बसें खड़ी थीं। इसी दौरान वहां खड़ी बसों के आगे ऑटो चालकों ने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। एक बस चालक ने इसका विरोध करते हुए ऑटो हटाने के लिए कहा। आरोप है कि इस पर 40-50 ऑटो चालक एकत्र हो गए। उन्होंने ड्राइवर की बेरहमी से पिटाई कर दी और बस में भी तोड़फोड़ की। यह देखकर बाकी बसों के चालक डर गए। उन्होंने बैठी सवारियों को उतार दिया और बसें लाकर पुराने बस स्टैंड पर खड़ी कर दी। घटना का पता चलने पर अन्य बस चालक भी वहां पहुंच गए। इसके चलते जाम लग गया।

वहीं बस खड़ी कर सभी चालक कोतवाली पहुंच गए और अपने लिए सुरक्षा की मांग करने लगे। ड्राइवरों का कहना है कि ऑटो चालक महंगे दर पर सवारियों को ले जाते हैं, जबकि सस्ते और सुरक्षित माहौल में यात्री यात्रा करना चाहते हैं। इसके बाद भी ऑटो चालक बार-बार परेशान करते हैं। यात्रियों का साफकहना है कि जिस यात्रा को ऑटो में करने पर उनको 50 रुपये खर्च करने पड़ते है वहीं सिटी बस 10 रुपये में ही हो जाती है। फिलहाल दोनों के बीच स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अब इसे लेकर प्रशासन की ओर से सिटी बस और ऑटो संचालकों की बैठक का इंतजार किया जा रहा है।

## लक्जरी कार, विदेशी कुत्ता और गोठान

श्रीकंचनपथ




'कका' ने विपक्ष के गोठान भ्रमण का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि गोठानों में जाकर भाजपा देखे कि वहां क्या हो रहा है। यदि कोई कमी दिखाई देती है, कोई सुझाव देना चाहती है तो उसका स्वागत है। इनपर अमल कर गोठानों को और भी बेहतर बनाने की कोशिश की जाएगी। इसी को रचनात्मक सहयोग कहते हैं जिसकी देश को जरूरत है। पर भाजपा की गोठान समिति कहां कुछ देखने गई थी। उसे तो केवल गौठान भ्रमण की फोटो चाहिए थी ताकि बयान जारी कर सके कि गोठानों में घोटाला हो रहा है। गोठान में गाय नहीं है, चारा नहीं है, पानी नहीं है। वो तो गायों से केवल यह पूछने गए थे कि घोटाला कितने का हुआ है। लौटते ही 13 करोड़ के घोटाले का आरोप सरकार पर मढ़ दिया। यह सही है कि अधिकांश लोगों को अपना इतिहास नहीं पता। बुद्धि-वुद्धि का तो वैसे भी यहां कोई काम नहीं है। विचारवान लोगों को भाजपा पहले ही सेकुलर और कम्युनिस्ट कहकर रिजेक्ट कर चुकी है। पर उसे नहीं पता कि ऐसा करके वह उन महापुरुषों को भी रिजेक्ट कर चुकी है जिन्होंने देश के नवजागरण का मार्ग प्रशस्त किया। खैर, यहां तक तो उनका झूठ चल गया। पर उन्हें गोठानों को लेकर झूठ नहीं बोलना चाहिए था। गोठानों को न केवल कांग्रेसी और भाजपाई देख रहे हैं बल्कि आम जनता भी देख रही है। यह उनकी आंखों के सामने है। इसलिए जब भाजपा ने आरोप लगाया तो 'कका' ने तुरंत पलटवार कर दिया। उन्होंने कहा कि लक्जरी गाड़ियों में विदेशी कुत्तों के साथ घूमने वालों को गोठान और गौशाला का फर्क नहीं मालूम। उन्हें नहीं मालूम की गर्मियों में मवेशियों को किसी भी शेड में बांधकर नहीं रखा जाता। यह एक हकीकत है जिससे गांव का बच्चा-बच्चा वाकिफ है। उन्हें पता है कि गर्मियों में शेड तपने लगते हैं। यही नहीं एक ही स्थान पर ज्यादा मवेशियों को इकट्ठा करने पर उनके शरीर के तापमान से उस स्थल का तापमान बढ़ जाता है। इसलिए मवेशी खुली जगहों पर चले जाते हैं जहां उनके रोएं से होकर हवा गुजरती है और उनका शरीर ठंडा होता है। पर यह बात भाजपाइयों को नहीं मालूम। फक्त साढ़े चार साल में भाजपा भूल गई है कि उनके कार्यकाल में जो गौशालाएं बनी थीं, वहां हजारों की संख्या में गौवंश का भूख-प्यास से निधन हो गया। गौशालाओं के नाम पर जमीन और फंड्स की बंदरबांट की गई। दरअसल, भाजपा अपने कृतित्व के बल पर नहीं बल्कि कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश के बूते सत्ता में थी। कांग्रेस का एक लंबा इतिहास है। उसमें गलतियां निकाली ही जा सकती हैं जबकि भाजपा का स्लेट साफ था। उनके खाते में जमा-खर्च कुछ भी नहीं था। पर केंद्र में साढ़े आठ साल और प्रदेश में पंद्रह साल में ही यह साबित हो गया कि सत्ता का केवल चेहरा बदलता है, वरना हमाम में सभी नंगे हैं।










## संपादकीय

### सहज नोट वापसी

जब से 2,000 रुपये के नोट की विदाई तय हुई है, तब से लोगों के बीच नाना प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। इन चर्चाओं या अफवाहों को विराम देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने जो घोषणा की है, वह सामयिक और स्वागतयोग्य है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि 2,000 के नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि 30 सितंबर की समय-सीमा अभी चार महीने दूर है और भारतीय रिजर्व बैंक इस प्रक्रिया में आने वाले सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहेगा। मतलब, आने वाले समय में अगर नोटों को वापस लेने में कोई परेशानी आती है, तो रिजर्व बैंक तत्काल समाधान के लिए आगे आएगा। यह अच्छा है कि लोगों में फैली चिंता से रिजर्व बैंक पूरी तरह वाकिफ है। गवर्नर ने यह भी कहा है कि जब 2,000 रुपये के नोट चलन में थे, तब भी दुकानदारों में इन नोटों को स्वीकार करने को लेकर अनिच्छा थी। गवर्नर की यह स्वीकारोक्ति खास मायने रखती है। इससे पता चलता है कि 2,000 के नोटों को जिस तरह का समर्थन या विश्वास लोगों के बीच मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। ऐसे में, इन नोटों की वापसी का फैसला भूल सुधार ही नहीं, बल्कि नोटों पर लोगों की विश्वास बहाली की एक कोशिश भी है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2,000 के नोट वापस लेने का फैसला सामान्य प्रक्रिया के तहत लिया गया है और स्वच्छ नोट की नीति के अनुरूप यह कदम लोगों को पर्याप्त समय देते हुए उठाया गया है। किसी तरह की जल्दी मचाने की जरूरत नहीं है। यह स्पष्टीकरण जरूरी था, क्योंकि अर्थव्यवस्था में ऐसे कई गलत तत्व हैं, जो ऐसे मौकों का गलत फायदा उठाते हैं। लोगों के भय से कमाई करने की दुष्प्रवृत्ति पिछली बार नोटबंदी के समय भी खूब देखी गई थी। नोट बदलने की प्रक्रिया में दलाली का चलन अनेक स्तरों पर देखा गया था। बैंककर्मी भी शामिल थे और कालाबाजारियों ने भी खूब चांदी काटी थी। इस बार नोट बदलने को लेकर रिजर्व बैंक ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई है और न ही प्रधानमंत्री को घोषणा का अवसर देकर इसे अति-महत्वपूर्ण बनाया गया है। रिजर्व बैंक अपनी पिछली गलतियों से सीखकर आगे बढ़ा है। इस बार नोट वापसी के लिए पर्याप्त समय दिया गया है और इतने समय में आसानी से नोट वापसी संभव हो सकती है। आज से देश भर में 2,000 के नोटों को बदलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। रिजर्व बैंक ने सभी तरह के आवश्यक निर्देश बैंकों को दे दिए हैं। रिजर्व बैंक ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 2,000 के बदले लौटाने के लिए बैंकों के पास अन्य नोट पर्याप्त मात्रा में हैं, तो लोगों को जल्दी मचाने की जरूरत नहीं है। आरबीआई गवर्नर ने फिर यह दोहराया है कि ये नोट कानूनी निविदा बने रहेंगे। ये नोट मुख्य रूप से विमुद्रीकरण के बाद हटाए गए नोटों की भरपाई के लिए लाए गए थे और अब इनका मकसद पूरा हो गया है। बैंकों को नोट वापसी की पूरी व्यवस्था करने के लिए कहा गया है, ताकि लोगों को चिलचिलाती धूप में न खड़ा होना पड़े, उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। यह बैंकों के लिए भी परीक्षा की घड़ी है। ध्यान रहे, पिछली बार ज्यादातर बैंक भीड़ या अव्यवस्था को संभालने में लगभग विफल रहे थे, लेकिन इस बार उन्हें पूरी समझदारी से काम लेना होगा, ताकि कहीं भी लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

> लोगों के भय से कमाई करने की दुष्प्रवृत्ति पिछली बार नोटबंदी के समय भी खूब देखी गई थी। नोट बदलने की प्रक्रिया में दलाली का चलन अनेक स्तरों पर देखा गया था। बैंककर्मी भी शामिल थे और कालाबाजारियों ने भी खूब चांदी काटी थी। इस बार नोट बदलने को लेकर रिजर्व बैंक ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई है और न ही प्रधानमंत्री को घोषणा का अवसर देकर इसे अति-महत्वपूर्ण बनाया गया है।

## प्रतिबंध या रस्म-अदायगी?

बेहतर यह होता कि हिरोशिमा में जुटे जी-7 देशों के नेता इसका आकलन करते कि पिछले 15 महीनों में उन्होंने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उनका अपेक्षित असर क्यों नहीं हुआ। इसके बजाय उन्होंने नए प्रतिबंधों की बात की। जब जी-7 के देश अपनी शिखर बैठक के लिए जुटे, तो उन्हें यह जरूरी महसूस हुआ कि वे रूस पर कुछ नए प्रतिबंधों का एलान करें। जबकि बेहतर यह होता कि वे इसका आकलन करते कि पिछले 15 महीनों में उन्होंने जो प्रतिबंध लगाए, उनका अपेक्षित असर क्यों नहीं हुआ। इस दौरान ना तो रूसी मुद्रा रुबल को रबल (मलवा) में बदला जा सका, ना ही रूस की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हुई और ना ही यूक्रेन में युद्ध जारी रखने की उसकी क्षमता खत्म हुई। उलटे इन प्रतिबंधों के असर से कम से कम यूरोप की अर्थव्यवस्था डगमगा गई है। बहरहाल, पश्चिमी नेताओं को रूस के खिलाफ कुछ करने का संकेत देना था, तो ब्रिटेन ने कहा कि वह रूस के हीरों पर प्रतिबंध लगाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एलान किया कि उनका देश, रूस से हीरे, तांबे, एल्युमीनियम और निकेल जैसी धातुओं का आयात रोक रहा है। रूस हर साल अरबों डॉलर का हीरे बेचता है। अमेरिका ने संकेत दिया कि वह उन कंपनियों पर सख्ती करेगा, जो प्रतिबंधों को कमजोर करने में रूस की मदद कर रही हैं। जी-7 ने अपने साझा बयान में यह भी कहा- हम अपने उन कदमों में भी सफलता पा रहे हैं जिनके तहत तय किया जा रहा है कि रूस, हमारे और दुनिया के खिलाफ ऊर्जा को हथियार न बना सके। प्रतिबंधों के इस शोर के बीच जर्मनी के चांसलर ओलफ शोल्ज अकेले खड़े नजर आए, जिन्होंने रूस पर नये आर्थिक प्रतिबंध लगाने का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ ऐसे कदम उठाए जाएं, जो तार्किक हों और अमल में लाए जा सकें। बात वाजिब है। रूस के पास कच्चे तेल, गैस, हीरों और कई जरूरी धातुओं का बड़ा भंडार है। इसके कारण पश्चिमी प्रतिबंध रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करने में बहुत हद तक नाकाम साबित हो रहे हैं। उधर रूस, दुनिया के दो बड़े देशों भारत और चीन को खूब तेल बेच रहा है, जिससे उसे काफी आमदनी हो रही है। जी-7 ने पिछले साल रूसी तेल की 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा तय की थी। लेकिन यह कदम भी ज्यादा कारगर नहीं हुआ।

## यह संविधान से टकराव है

दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र के मामले में जारी अध्यादेश का संदेश यह है कि संविधान में कुछ भी लिखा हो और सुप्रीम कोर्ट चाहे उसकी जैसी व्याख्या करे, सरकार तो वही करेगी, जो वह चाहती है- और ऐसा करने के उपाय करने में वह सक्षम है! दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र के मामले में हाल में आए सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले को पलटने के लिए केंद्र सरकार ने जो अध्यादेश जारी किया, उसे मीडिया के एक हिस्से में भारतीय जनता पार्टी बनाम आम आदमी पार्टी के बीच टकराव के रूप में पेश किया गया। लेकिन यह असल मुद्दे को पूरी तरह से भटकाना है। इसे केंद्र बनाम दिल्ली सरकार या नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल के रूप में पेश करना भी मामले की गंभीरता पर परदा डालना होगा। यहां कहीं ज्यादा गंभीर प्रश्न जुड़े हुए हैँ। सवाल यह है कि किसी संवैधानिक प्रावधान या कानून की व्याख्या का अधिकार किसे है? भारतीय संविधान ने यह हक सुप्रीम कोर्ट को दिया है। बल्कि संविधान की भावना यह है कि ऐसी सही व्याख्या करना सर्वोच्च न्यायालय की जिम्मेदारी है। ऐसे में जब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने सर्व-सम्मति से ने दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र की व्याख्या कर दी, तो कुछ दिनों के अंदर ही इस व्यवस्था को अध्यादेश से पलटने की कोशिश सीधे सुप्रीम कोर्ट को चुनौती देना माना जाएगा।

> भाजपा का आक्रामक हिंदुत्व रुख तटीय और मध्य के कुछ क्षेत्रों में बेशक काम आया, लेकिन यहां भी सीटों का गणित उसके हक में नहीं रहा। भाजपा के लिए उत्तर कर्नाटक क्षेत्र में लिंगायत वोटों का नुकसान एक बड़ा झटका है। येदियुरप्पा के उदय के बाद से 15 फीसदी लिंगायत आबादी पारंपरिक तौर पर भाजपा के साथ रही है, पर इस बार छिटक गई।

## कर्नाटक को कहां तक ले जाएगी कांग्रेस

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार



कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भाजपा को पस्त कर दिया है। वह अब सिर्फयही उम्मीद कर सकती है कि मतदाता 2024 के आम चुनाव में कुछ अलग सोच के साथ वोट डालें। भाजपा उम्मीद नहीं खोएगी और राजनीतिक समीकरणों को यहां फिर से दुरुस्त करने की कोशिश में जुटेगी, ताकि लोकसभा चुनाव में यहां सीटों की कमी न हो। यहां भाजपा को मुकाबले के लिए कुछ नया सोचना होगा।

बहरहाल, विधानसभा चुनाव में भाजपा का आक्रामक हिंदुत्व कार्ड बेनतीजा रहा। हलाला, हिजाब और मंदिर परिसरों के आसपास अल्पसंख्यक वर्ग के दुकानदारों द्वारा पूजन-सामग्री बेचने संबंधी विवाद भी काम नहीं आए। मुस्लिम ओबीसी आरक्षण को वापस लेकर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाते हुए बहुसंख्यक वोटों के ध्रुवीकरण का उसका प्रयास भी नाकाम रहा। इस सबने कांग्रेस के पक्ष में अल्पसंख्यकों को गोलबंद किया। वे न सिर्फ पूरी तरह से इस 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' के साथ हो लिए, बल्कि जिस जनता दल (सेक्युलर) को कभी वे अपनी कसौटी पर खरा मान रहे थे, उससे भी दूरी बना ली। कर्नाटक-मैसूर क्षेत्र में उन्होंने कांग्रेस को ही तरजीह दी, जिससे मौजूदा विधानसभा में अब नौ मुस्लिम विधायक हो गए हैं, जबकि पिछली बार इनकी संख्या सात थी, और ये सभी कांग्रेस के ही हैं।

दिलचस्प बात यह है कि मत-प्रतिशत के मामले में भाजपा को इस क्षेत्र में फायदा हुआ है। यहां तक कि उसे वोक्कालिगा मतदाताओं का भी साथ मिला, जो अब तक जद (एस) के पाले में रहे हैं। अन्य क्षेत्रों में बेशक पार्टी का मत-प्रतिशत गिरा है, पर मैसूर-कर्नाटक क्षेत्र में इसमें उछाल दिखी है। मगर यह वृद्धि इतनी भी अधिक नहीं रही कि भाजपा को सीटें दिला सके।

भाजपा का आक्रामक हिंदुत्व रुख तटीय और मध्य के कुछ क्षेत्रों में बेशक काम आया, लेकिन यहां भी सीटों का गणित उसके हक में नहीं रहा। भाजपा के लिए उत्तर कर्नाटक क्षेत्र में लिंगायत वोटों का नुकसान एक बड़ा झटका है। येदियुरप्पा के उदय के बाद से 15 फीसदी लिंगायत आबादी पारंपरिक तौर पर भाजपा के साथ रही है, पर इस बार छिटक गई। लिंगायत आबादी राज्य भर में फैली हुई है, पर कांग्रेस ने कित्तूर, कल्याण और मध्य क्षेत्रों में जीत हासिल की है।

कांग्रेस का आश्चर्यजनक रूप से समर्थन करने वाले ये दोनों समुदाय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हैं। यह तब हुआ है, जब भाजपा ने इनको अपने पाले में करने के लिए काफी प्रयास किया था। यहां दलितों की आबादी 17 प्रतिशत है और वे अतीत में बंटकर वोट करते रहे हैं। साल 2018 में 16 दलित विधायक भाजपा के टिकट पर विधानसभा पहुंचे थे, लेकिन इस बार उनकी संख्या घटकर 12 हो गई है। इसके बरअक्स, कांग्रेसी दलित विधायकों की संख्या 2018 की 13 के मुकाबले 21 हो गई है।

चुनावी विश्लेषक इसे दलित समर्थन आधार में संरचनात्मक बदलाव मानते हैं। यह समुदाय समझने लगा है कि भगवा शासन में उसके हितों की पूर्ति नहीं हो सकती है। विश्लेषक इसकी एक बड़ी वजह दलित संघर्ष समिति के अभियान को भी बता रहे हैं, जिसने अलग-अलग समूहों को एक व्यापक छतरी के नीचे लामबंद किया। दलित समुदाय में सेंध लगाने की भाजपा की कोशिशों को झटका लगा है। बोम्मई सरकार ने इस समुदाय के लिए दो प्रतिशत कोटा बढ़ाकर इसे आरक्षण का अधिक लाभ देने की कोशिश की थी। मगर इसने दलितों को संतुष्ट करने के बजाय और उत्तेजित कर दिया। दलितों ने शायद महसूस किया कि उनके मुद्दों को हल करने का गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा, इसलिए उन्होंने चुनाव में अपनी नाराजगी दिखाई। भाजपा को इससे भी ज्यादा चोट आदिवासियों ने पहुंचाई। वर्ष 2018 में छह आदिवासी सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार खाली हाथ रही, जबकि कांग्रेस के दलित विधायकों की संख्या आठ से बढ़कर 14 हो गई।

कुर्बा समुदाय के बीच कांग्रेस को काफी फायदा मिला है, जिनकी सूबाई आबादी में हिस्सेदारी लगभग आठ फीसदी है। पार्टी ने इस समुदाय के दबदबे वाली सभी सीटों पर जीत हासिल की, क्योंकि नतीजे आने से पहले ही यह मान लिया गया था कि इस समुदाय से संबंध रखने वाले सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बनेंगे।

इस हार को भाजपा किस रूप में देख रही होगी? एक दक्षिणपंथी विश्लेषक के मुताबिक, सत्ता विरोधी रुझान के वक्त हिंदुत्व विचारधारा काम नहीं करती। इसके लिए अच्छा प्रशासन व स्वच्छ सरकार की जरूरत होती है। दोनों ही मोर्चों पर भाजपा नाकाम साबित हुई। उसकी सरकार को न केवल विफल माना गया, बल्कि '40 प्रतिशत कमीशन' के नारे ने वोटरों की नजर में उसे भ्रष्ट भी बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दो मुद्दों- वंशवादी राजनीति और डबल इंजन की सरकार पर जोर दिया। मगर ये दोनों लोगों को लुभा न सके। एक तरफ, जहां कांग्रेस के लोक-लुभावन वादों ने पार्टी की राह आसान की, वहीं भाई-भतीजावाद जैसे आरोप भी परवान नहीं चढ़ सके। अलबत्ता, खड़गे के बेटे को मंत्रिमंडल में शामिल करके कांग्रेस ने भाजपा के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है।

कुल मिलाकर, कर्नाटक में वोटिंग पैटर्न में बदलाव दिखा है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, मुस्लिम, सभी ने कमोबेश सत्तारूढ़ दल के खिलाफ निर्णायक वोट डाला है। इससे कांग्रेस के उम्मीदवारों की, चाहे वे नए हों, दलबदलू हों या मौजूदा खिलाड़ी, राह आसान हो गई। क्या इससे 2024 के आम चुनाव में भाजपा के वोट पर असर पड़ेगा? यदि कांग्रेस ने अपनी लय बनाए रखी, और क्षेत्रीय नेताओं (जो चुनावी जंग को मोदी बनाम राहुल बनाने से रोकते हैं) को वरीयता देने में कामयाब होती है, तो उसके पास कर्नाटक जैसी सफलता कई अन्य राज्यों में दोहराने का बेहतर मौका है। रही बात आम चुनाव की, तो उसका मिजाज विधानसभा से अलग होता है। बहरहाल, कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर जो विवाद था, वह थम गया है। नए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर कोई सियासी खतरा नहीं है। डी के शिव कुमार और सिद्धारमैया, दोनों ने सच्चाई से समझौता कर लिया है। देखना है, ये दोनों नेता कर्नाटक में कांग्रेस की बड़ी विजय की गूंज को आगे चुनावों में कब तक और कहां तक कायम रख पाते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## चीन के विरुद्ध बनती व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन

जापान ने पिछले सप्ताह हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की है, जिसमें भारत एक विशेष आमंत्रित सदस्य था। जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति महत्वपूर्ण थी, क्योंकि इन दिनों भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। यह भी गौरतलब है कि क्वाड की बैठक भी जापान में ही हुई, जो पहले सिडनी में होने वाली थी। जापान से ही प्रधानमंत्री मोदी पापुआ न्यू गिनी गए और वहां से सिडनी।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के लिए यह शिखर सम्मेलन दुनिया को बदलते हुए जापान का दर्शन कराने का अवसर था। यह वह जापान है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा में वैश्विक जिम्मेदारियों को उठाने के लिए पहले से कहीं अधिक इच्छुक है। धीरे-धीरे किशिदा जापान के सुरक्षा ढांचे को बदल रहे हैं। चीन का सैन्य उदय पहले से ही जापान के शांतिवादी रुख को चुनौती दे रहा था और अब यूक्रेन पर रूसी आक्रमण ने टोक्यो को अपनी रणनीतिक धारणाओं के मूल सिद्धांतों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जापान अपनी सबसे गंभीर व जटिल सुरक्षा चिंता का सामना कर रहा है।

जापान नीति के तहत यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत से ही रूस के खिलाफ जी-7 के कदमों का प्रबल समर्थन करता रहा है। युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद जी-7 राष्ट्रों ने रूस पर कुछ सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाए और उसके बाद रूसी तेल, गैस के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। अभी हिरोशिमा में जी-7 के नेताओं ने कहा है कि वे युद्ध के मैदान में रूस के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं के निर्यात को प्रतिबंधित करने के उपाय करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सम्मेलन में मुख्य आकर्षण रहे। वह अमेरिका से अधिक रियायतें लेने में कामयाब रहे। वाशिंगटन ने यूक्रेन के लिए



3,750 लाख डॉलर के अपने 38वें सैन्य पैकेज की घोषणा की है।

इस बार जी-7 के नेताओं ने चीन का नाम लिए बिना विरल एकता दिखाई है, उन्होंने बीजिंग की नीतियों को निशाना बनाया और मुकाबले का संकल्प भी लिया। विकसित दुनिया अपने व्यापार, निवेश और आपूर्ति शृंखलाओं को चीनी पकड़ से दूर करके चीन पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहती है। इस लिहाज से देखें, तो भारत व अन्य आमंत्रित राष्ट्रों की वहां मौजूदगी महत्वपूर्ण थी। क्वाड शिखर सम्मेलन के चार सदस्य देशों ने यथास्थिति बदलने या अस्थिर करने या एकतरफा कार्रवाई करने की कोशिश के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए चीन पर निशाना साधा है।

इसके अलावा जी-7 में वैश्विक भू-राजनीति की अति प्रतिस्पर्द्धी दुनिया में हाशिये पर धकेले जा रहे लोगों की चिंताओं को आवाज देने की कोशिश खुशी की बात है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ अपनी पहली आमने-सामने की बैठक के दौरान नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया कि यूक्रेन युद्ध न सिर्फ राजनीतिक या आर्थिक मामला है, बल्कि यह मानवीय मूल्यों से भी जुड़ा है। भारतीय प्रधानमंत्री ने इस युद्ध का समाधान खोजने के लिए जो भी संभव हो, करने का वादा किया है। हालांकि, इस समय दुनिया के एक बड़े हिस्से की चिंताएं कुछ और हैं, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था कठिन हालात का सामना कर रही है। जापान के लिए, यूक्रेन पर जी-7 समकक्षों के साथ खड़ा होना यह सुनिश्चित करना है कि जब हिंद-प्रशांत में संकट का समय आएगा, तब पश्चिमी देश चीन के खिलाफ भी खड़े होंगे। जापान बढ़ती चुनौतियों का सामना करने के लिए आंतरिक क्षमताओं को मजबूत करने के साथ ही समान विचारधारा के देशों के साथ गठबंधन को तैयार है।

भारत और जापान, दोनों खुद को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूत पक्ष के रूप में देखते हैं। इस लिहाज से जापान एशिया के रणनीतिक भूगोल को फिर से परिभाषित करने की जरूरत को स्पष्ट करने वाला पहला देश था और उसने संकेत कर दिया था कि भारत की सक्रिय भागीदारी के बिना हिंद-प्रशांत सहयोग नहीं होगा। नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान यात्रा के दौरान दोहराया है कि उनके एजेंडे में ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जो यूरेशिया में तत्काल संकट या दुनिया भर में ऋण संकट से परे हैं। वैश्विक अव्यवस्था के लिए विश्वसनीय उत्तर खोजने की कोशिश करना जी-7 के लिए चुनौती है। ऐसा करने के लिए जी-7 को भारत जैसे नए साझेदारों की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## जीएसटी वसूली पर बेसुध जनता का जश्न !

हरिशंकर व्यास

भारत संभवत: दुनिया का पहला देश होगा जहां सरकार टैक्स वसूली के भारी भरकम आंकड़े उपलब्धि के तौर पर जारी करती है और भक्त जनता उसका जश्न मनाती है। हर महीने की पहली तारीख को सरकार यह आंकड़ा जारी करती है कि पिछले महीने जीएसटी की रिकॉर्ड वसूली हुई है। हर महीने पिछले महीने का रिकॉर्ड टूटता है। इसी तरह प्रत्यक्ष कर यानी आयकर की वसूली का तिमाही आंकड़ा जारी होता है। पिछली तिमाही या पिछले साल की समान तिमाही में वसूली का रिकॉर्ड टूटने की खबर बताई जाती है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर दोनों में वसूली के आंकड़े बढ़ने का जश्न लोग मनाते हैं। सत्तारूढ़ दल के समर्थक इसे उपलब्धि के तौर पर सोशल मीडिया में साझा करते हैं। मीडिया में हल्ला होता है। पेट्रोलियम उत्पादों पर वसूला जाने वाला टैक्स इससे अलग होता है। उसके भी आंकड़े हर महीने, हर तिमाही और छमाही में पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हैं। क्या यह सब अजूबा नहीं है? जिस देश में पाई-पाई जोड़ने का चलन रहा हो। जिस देश में करोड़ों लोग पाई-पाई के लिए तरस रहे हैं, उस देश में लाखों करोड़ रुपए की टैक्स वसूली का जश्न मनता है। कोई सोचता ही नहीं है कि यह पैसा उसकी जेब से निकाला जा रहा है। सरकार आम आदमी की जेब पर डाका डाल कर पैसे वसूल रही है। इस वसूली यह कहते हुए सही करार देते है कि इससे सरकार बुनियादी ढांचे का विकास करती है।



सोचे टैक्स से वसूले गए पैसे से इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है और फिर उसी के इस्तेमाल के लिए जनता पर कमर तोड़ टैक्स भी है। महंगा यात्रा भाड़ा है। जनता से पैसा लेकर ढांचा बनाना और फिर उस ढाचे के उपयोग के लिए भी जनता से मनमानी वसूली। क्यों जनता से वापिस पैसा वसूला जाता है?

बहरहाल, जीएसटी पर लौटें। सवाल है कि जीएसटी वसूली में हर महीने इतनी बढ़ोतरी कैसे हो रही है? एक मई को जारी आंकड़े के मुताबिक अप्रैल में एक लाख 87 हजार करोड़ रुपए की जीएसटी की वसूली हुई, जो अब तक का रिकॉर्ड है। इससे पहले अप्रैल 2022 में एक लाख 68 हजार करोड़ रुपए की जीएसटी वसूली गई थी। ये दोनों रिकॉर्ड अप्रैल के महीने में ही बने हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि मार्च में वसूली कम हुई थी। मार्च 2023 में जीएसटी की वसूली एक लाख 60 हजार करोड़ रुपए हुई थी। उससे पहले फरवरी में एक लाख 50 हजार करोड़ के करीब और जनवरी में एक लाख 57 हजार करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। इस तरह पिछले कुछ दिन से डेढ़ लाख करोड़ रुपए हर महीने की वसूली की एक ट्रेंड बन गया है, जो आगे बढ़ते जाना है।

मीडिया में हर महीने इसकी खबर ऐसे बनती है कि यह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए खुशखबरी है। फिर मीडिया और सोशल मीडिया में धारणा बनाई जाती है कि जनता को इस पर खुश होना चाहिए कि इतनी जीएसटी वसूली हो रही है। वसूली के भारी भरकम आंकड़ों के आधार पर जीएसटी लागू करने के फैसले को न्यायसंगत ठहराया जाता है। खाने-पीने के छोटे-छोटे, रेस्टोरेंट बिल व नए बेसिक सामान पर जेएसटी लगती-बढती जा रही है और जनता है कि उससे बढते क्लेक्शन पर तालियां बजा रही है।

लोग नहीं सोचते हैं कि यह उनकी कमाई या बचत का हिस्सा हो सकता है, जो सरकार जेब से निकलवा ले रही है। इस नाम पर कंपनियां अलग लोगों को लूट रही हैं। कई रिपोर्ट से प्रमाणित हुआ है कि जीएसटी की वसूली बढ़ने का सबसे बड़े कारणों में से एक कारण ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाना है। दूसरा कारण महंगाई बढ़ना है। सरकार चुन चुन कर वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाती जा रही है, इससे टैक्स का दायरा बढ़ रहा है।इसके साथ ही वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिसकी वजह से जीएसटी की और वसूली बढ़ी है। सरकार कहां कहां से जीएसटी वसूलने की सोच लेती है, इसका पता इस बात से लगता है कि रेलवे, होटल के कमरे आदि की बुकिंग पर जीएसटी लगता है लेकिन अब बुकिंग कैंसिल कराने पर भी जीएसटी वसूला जाने लगा है। कैंसिलेशन चार्ज पर पांच फीसदी जीएसटी लगा दिया गया है। इस तरह वस्तुओं और सेवाओं की सूची बनाई जाए तो कई पन्ने भर जाएंगे।

जहां तक महंगाई का सवाल है तो जनता को दो तरह की मार झेलनी पड़ रही है। एक वस्तुओं की कीमत बढ़ रही है और दूसरे डिब्बाबंद वस्तुओं की मात्रा या वजन कम किया जा रहा है। इनकम कम होने और कीमत बढ़ने से स्टैगफ्लेशन की स्थिति है तो वस्तुओं की मात्रा या वजन कम होने से श्रिंकफ्लेशन की स्थिति बन गई है। श्रिंक का मतलब है सिकुड़ना और इंफ्लेशन का मतलब है महंगाई। इन दोनों की मार जनता को झेलनी पड़ रही है। कंपनियां चुपचाप अपने उत्पादों का वजन कम कर दे रही हैं। पहले जो सामान सौ ग्राम के पैकेट में मिलता था उसमें कई सामानों का पैकेट अब 90 ग्राम का हो गया है। लोग बिना वजन देखे ये पैकेट खरीद लेते हैं। उनको अंदाजा ही नहीं होता है कि उस पैकेट पर वे 10 फीसदी ज्यादा कीमत चुका रहे हैं। इस तरह जीएसटी से युक्त वस्तुओं और सेवाओं का दायरा बढ़ने और उनकी कीमतों में बढ़ोतरी से जीएसटी का आंकड़ा बढ़ा है। यह सीधे सीधे जनता की जेब से निकलने वाला टैक्स है।गरीब-अमीर हर आय वर्ग की जनता टैक्स चुका रही है। जबकि मीडिया में ऐसे प्रचार हो है कि ज्यादा वसूली जनता के लिए ही फायदेमंद है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### मेरा गौठान मेरा अभिमान कार्यक्रम की शुरुआत गोकुल नगर गौठान से की गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आज प्रदेश के 10,000 से अधिक गौठान में मेरा गौठान मेरा अभिमान (गौ सेवा पखवाड़ा) की शुरुआत की गई प्रदेश अध्यक्ष अकाश शर्मा के नेतृत्व में आज रायपुर स्थित गोकुल नगर गौठान में जाकर इस अभियान की शुरुआत की गई इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस 22 मई से 7 जून तक छत्तीसगढ़ के समस्त गौठान में जाकर इस अभियान को चलाएगी मेरा गौठान मेरा अभिमान के तहत आज राजधानी रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष अकाश शर्मा द्वारा गौठान में हो रहे कार्यों का जायजा लिया और साथ ही गठान के समिति के साथ मिलकर श्रमदान किया गया और गौ माता की सेवा की गई साथी गौठान में जो गोबर से उत्पन्न होने वाले वस्तुओं का निरीक्षण किया महिला सहायता समूह का सम्मान किया गया जो दिन-रात गौठान में गौ माता की सेवा कर रहे हैं साथ ही उन साथियों का भी सम्मान किया गया जो घूम घूम कर गौमाता को गठन में लाने का कार्य कर रहे हैं और उनकी उपचार की व्यवस्था कर रहे हैं आज इस कार्यक्रम में गौठान से संबंधित सभी कर्मचारियों महिलाओं उपचार कर रहे डॉक्टर का सम्मान यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अकाश शर्मा द्वारा किया गया आज इस अभियान में प्रदेश के प्रत्येक जिलों में यूथ कांग्रेस के साथियों ने जाकर इस अभियान की शुरुआत की साथ ही प्रदेश प्रभारी डॉ पलक वर्मा द्वारा रायगढ़ के संबलपुर गौठान जाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की।। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में मेरा गौठान मेरा अभिमान कार्यक्रम की शुरुआत कर रही है यह कार्यक्रम 22 मई से 7 जून तक चलेगा आज हमने रायपुर के गोकुल नगर गौठान का जायजा लिया साथ ही गौठान में कार्यरत साथियों के साथ गौ माता की सेवा करते हुए श्रमदान भी किया और गौ माता की सेवा में दिन रात लगे हुए महिला सहायता समूह की माता और बहनों का हमने सम्मान किया आज से हम प्रदेश के 10 हजार से अधिक गौठान में जाकर मेरा गौठान मेरा अभिमान के तहत लगातार कार्य करेंगे आज आप सभी को बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि गोकुल नगर गठान में गोबर से बन रहे टाइल्स, चप्पल, सूटकेस आदि हम सभी ने देखा जिसको विदेश और देश के प्रत्येक प्रदेशों से इसकी मांग हो रही है और आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की यह महत्वकांक्षी योजना बेहद सफल साबित हो रही है और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा जो जनता को भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है कि घोटालों में कुछ नहीं हो रहा उसमें बस केवल भ्रष्टाचार है आज उसको यूथ कांग्रेस के साथियों ने आईना दिखाने का कार्य किया है इस अभियान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप प्रदेश सचिव शान मोहम्मद,शानू रजा प्रदेश संयोजक तुषार गुहा विधानसभा अध्यक्ष समीर भट्ट,आजाद वर्मा अभिनव शर्मा आदि उपस्थित थे।

### 71 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

# रामपुर और उमरेली में आरंभ होगा महाविद्यालय बरपाली में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रामपुर और उमरेली में महाविद्यालय आरंभ होंगे। बरपाली में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ होगा। कोरबा जिले की रामपुर विधानसभा में ग्राम चिर्रा में भेंट मुलाकात के दौरान पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 71 करोड़ 23 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। इसके अंतर्गत 44 करोड़ 33 लाख रुपए के 33 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 26 करोड़ 90 लाख रुपए से अधिक के 32 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की फीडबैक की जानकारी ली।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण मौजूद रहे।

खेत खरीद लिया, पढ़ाई करा दी, जेवर भी लिया और बेटी की शादी भी कर दी- बीते साढ़े चार सालों में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की योजनाओं का जमीनी असर किस तरह हो रहा है और किसानों की आर्थिक स्थिति कैसे समृद्ध हो रही है, इसकी झलक उस समय मिली जब मुख्यमंत्री ने किसानों से योजनाओं की फीडबैक लिया।

मेजना राठिया ने बताया कि उनकी 2 लाख 64 हजार रुपए की कर्जमाफी हुई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना और कृषि हित से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ लिया है। इससे बहुत से शुभ काम घर में किये हैं। खेत खरीद लिया है। बच्चों की अच्छे से पढ़ाई करा ली है और बेटी की शादी भी खेती में हुई आय से हुई है।

10 लाख रुपए का केंचुआ बेचा, 6 लाख रुपए वर्मी कंपोस्ट से कमाये- गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों से भी मुख्यमंत्री ने बात की। ललिता राठिया ने बताया कि गोबर तथा वर्मी कंपोस्ट बेचकर उन्होंने 6 लाख रुपए कमाये हैं तथा 10 लाख रुपए का केंचुआ भी बेच चुके हैं।

ललिता ने बताया कि केंचुआ बेचने से हमें विशेष पहचान मिली है। राज्यपाल ने भी हमें सम्मानित किया है। रविन्द्र ने बताया कि लघु वनोपज संग्रहण से उसने 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है। इससे घर खर्च में जरूरी मदद मिल रही है। 24 हजार रुपए की फीस लगती थी, अब फीस नहीं देनी पड़ती- स्वामी आत्मानंद स्कूल करतला की छात्रा जाह्नवी ने बताया कि वो दसवीं की छात्रा है। पहले प्राइवेट स्कूल में 24 हजार फीस लगती थी। अब फीस नहीं देनी पड़ रही। पढ़ाई भी अच्छी होती है। सबसे बढ़िया तो खेल की सुविधा है। यहां मुझे अपने खेल से जुड़ा कौशल दिखाने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने जाह्नवी को शुभकामनएं दीं। अतुल ने कहा कि मैं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में सातवीं में पढ़ता हूँ। इस स्कूल में आने से बहुत अच्छा लग रहा है।

आपने हम लोगों के लिए बहुत अच्छा स्कूल बनवा दिया। अरुण कंवर ने बताया कि मैंने भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। इसमें बहुत आनंद आया। अरुण ने कहा कि मेरी आईटीआई हो गई है और अभी आगे की पढ़ाई कर रहा हूँ। कुछ काम अभी मिल जाए तो अच्छा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीपा में आपको काम मिल जाएगा। साथ ही बेरोजगारी भत्ते के लिए भी आवेदन कर दीजिए। गैस सिलेंडर चार-पांच महीने में एक बार भरा पाती हूँ, बाकी सब मिल जाता है- बरपाली से आई आशा ने बताया कि उन्हें 35 किलो चावल मिलता है। साथ ही चना, नमक, शक्कर भी मिलता है। नमक और चावल का पैसा नहीं लगता। गैस सिलेंडर महंगा है इसलिए चार-पांच महीने में एक बार लेती हूँ। मुख्यमंत्री ने बताया कि डीजल-पेट्रोल, गैस का रेट केंद्र तय करती है। जयंती राठिया ने बताया कि मेरे घर में सास के नाम राशनकार्ड है। क्या मेरे नाम से भी बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक परिवार में एक ही राशन कार्ड बनता है। मुख्यमंत्री की घोषणाएं- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रामपुर विधानसभा में महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इसमें कुदमुरा से श्यांग तक पक्की सड़क, ग्राम चिर्रा और कुदमुरा में धान खरीदी केंद्र, चिर्रा में सांस्कृतिक मंच और मुक्तिधाम का निर्माण शामिल हैं। उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 25 देवगुड़ी का निर्माण, प्रत्येक के लिए 5-5 लाख का प्रावधान के साथ ही ग्राम तरदा, केवराद्वारी और चिर्रा के हाई स्कूलों का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, कनकी ग्राम में हायर सेकेंडरी स्कूल और कुदुरमाल ग्राम में हाई स्कूल भवन के निर्माण की घोषणा की। साथ ही कहा कि कनकेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने ग्राम करतला में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने, चिर्रा ग्राम में स्वसहायता समूह के लिए प्रशिक्षण भवन के निर्माण की घोषणा की।

# भेंट-मुलाकात रामपुर विधानसभा : मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम-कुदमुरा में विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने के साथ ही उनकी समस्याओं के निदान के लिए निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान गोस्वामी समाज के प्रतिनिधि मण्डल की मांग पर सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, राजवाड़े कुर्मी क्षत्रिय समाज की मांग पर सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रूपए, कंवर समाज की मांग पर भवन के लिए 50 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की। राठिया तथा कंवर समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने रामपुर और उमरेली में महाविद्यालय तथा करतला में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को धन्यवाद दिया। समाज के प्रतिनिधियों ने बांगो नहर के करतला क्षेत्र तक विस्तार कर पानी पहुंचाने की मांग की, जिस पर विचार करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया।

साहू समाज, झेरिया यादव समाज, मानिकपुरी पनिका समाज, राठौर समाज, मुस्लिम समाज, खैरवार समाज, सर्व ब्राम्हण समाज, बिंझवार समाज, सतनामी समाज द्वारा सामाजिक भवन के लिए सहायता की मांग पर मुख्यमंत्री ने समाज के प्रतिनिधियों को पहले जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही।

उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होने पर राशि देने की बात कही। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक ननकी राम कँवर, विधायक पुरूषोत्तम कंवर, विधायक मोहित राम केरकेट्टा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गरीबों के लिए सहारा बन रही भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना गरीबों के लिए सहारा बन रही है।

इस योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को सरकार आर्थिक मदद पहुंचा रही है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों को 112.71 करोड़ रूपये जारी किया गया है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर आम नागरिकों को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कृषक वर्ग, श्रमिक, वनवासी परिवारों सभी के हित के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ किया है। जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। न्याय योजना की यह नई कड़ी गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। हितग्राहियों को सालाना 7 हजार रुपये उनके खाते में प्रदाय किये जा रहे हैं।

# महिलाएं अब अबला नहीं सबला हैं:भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम चिर्रा पहुँचे। मुख्यमंत्री ने यहां ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में संचालित गतिविधियों का अवलोकन करने के दौरान महिलाओं के हुनर की खूब प्रशंसा की और कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत तथा आत्मनिर्भर बनाने में रीपा महत्वपूर्ण साबित होगा। गाँव की महिलाएं जिन गतिविधियों को संचालित कर रही हैं, उसे देखकर अहसास हो रहा है कि आने वाले समय में उनकी आमदनी और बढ़ेगी। उन्होंने यहाँ समूह की महिलाओं के साथ सेल्फी ली और कहा कि महिलाएं अब अबला नहीं सबला बन गई हैं।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रीपा में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने हल्दी, मिर्च, मसाला, बेसन, आटा, सुगंधित चावल, आचार, बड़ी, अगरबत्ती, दोना पत्तल निर्माण, चप्पल, गोबर पेंट, ऐश ब्रिक्स, पेवर ब्लॉक निर्माण, पुट्टी निर्माण, फेंसिंग निर्माण आदि गतिविधियों को करीब से देखा। इस दौरान महिला स्व सहायता समूहों की सदस्यों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहाँ संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की।

उन्होंने यहाँ पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए गढ़कलेवा और कॉफी पॉइंट संचालित करने के निर्देश कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा को दिए। मुख्यमंत्री ने यहाँ समूह के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। ग्राम चिर्रा की दिव्यांग ललिता राठिया ने मुख्यमंत्री को रीपा और समूह की अनेक गतिविधियों की जानकारी भी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल को अलग-अलग समूह द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यहां 15 गतिविधि संचालित हैं। जिसमें 64 ग्रामीण जुड़े हैं। इसमें 18 पुरुष सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विगत एक माह से सतत कार्य चल रहा है।

ग्रामीण यांत्रिकी विभाग तथा आदिवासी विभाग से हल्दी मिर्च मसाला, दोना पत्तल, बेसन, आटा, ईंट का ऑर्डर मिला है। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से 7 हजार लीटर गोबर पेंट का भी ऑर्डर मिला। दो हजार चप्पल का ऑर्डर भी आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त हुआ है। अभी तक 2 लाख 15 हजार का शुद्ध मुनाफा हुआ है। विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में उत्पादित 6 लाख से अधिक कीमत की सामग्री की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अभी कई विभागों से ऑर्डर जारी हो रहे हैं। रीपा में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वाईफाई जोन का उद्घाटन बटन दबाकर किया। कलेक्टर श्री झा ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को रीपा सहित नरवा विकास के कार्यों की जानकारी देते हुए गतिविधियों का अवलोकन भी कराया। मुख्यमंत्री भूपेश, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक मोहित राम केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कँवर, ननकी राम कँवर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।


### मुख्यमंत्री ने कटहल के पौधे लगाएं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिर्रा के रीपा केंद्र में कटहल का पौधा लगाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने आम और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कदम, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कदम और सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने आम के पौधे लगाएं।

### कांग्रेस करेगी झीरम के शहीदों का नमन

**रायपुर।** 25 मई 2013 को झीरम घाटी के नक्सली हमले में शहीद नेता नंदकुमार पटेल जी, महेन्द्र कर्मा जी, उदय मुदलियार जी एवं शहीद हुये अन्य नेताओं के पुण्यतिथी को शहादत दिवस के रूप में प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लाक मुख्यालय में मनाया जायेगा, साथ ही हमले में शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल जी की पुण्यतिथि 11 जून को भी शहादत दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर 25 मई 2023 को जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में शहीदों के व्यक्त्वि-कृतिव एवं प्रदेश के सर्वांगिण विकास हेतु दिये गये योगदान पर प्रकाश डालते हुये भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा, साथ ही गोष्ठी एवं परिचर्चा तथा स्थानीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।






खास खबर...



## कलेक्टर डॉ भुरे ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में जनचौपाल के माध्यम से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की विभिन्न मांग एवं समस्याओं को सुना। जन चौपाल में 50 से अधिक लोगो ने आवेदन दिए। इस अवसर पर नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर जयंत नहाटा, अपर कलेक्टर बीबीपंचभाई, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आज जनचौपाल में अवंती विहार कॉलोनी निवास राजेन्द्र कुमार कोहाडे ने अपने मकान का नियमितीकरण कराने, रामनगर निवासी फुलेश्वरी यादव ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम सारागांव के भगवती सेन ने ऋण पुस्तिका बनवाने, ग्राम धनेली के अशोक सोनी ने अपनी भूमि पर आवास बनाने की अनुमति लेने, अभनपुर निवासी नारायण प्रसाद साहु ने अपने कृषि भूमि पर भू-स्वामी हक दर्ज कराने आवेदन दिया। इसी तरह आरंग के मंगतु राम साहू और तिहारू राम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पं. दीनदयाल नगर निवासी केपी उपाध्याय ने पडोसी द्वारा अवैध निर्माण कर कब्जा करने की शिकायत, ग्राम पोड़ के आनंद कुमार ने अपनी भूमि का खसरा प्रदान करने, महामाया मंदिर वार्ड-65 की पार्षद सरिता वर्मा ने वार्ड में नियमित सफाई कराने, ग्राम देवपुरी के विवेकानंद भटट्ाचार्य में क्षेत्र में नया विद्युत पोल लगवाने, अवैध अतिक्रमण हटवाने और पीने के पानी हेतु नया पाईपलाईन कनेक्शन देने, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दिवान ने रायपुर के उचित मूल्य दुकानों पर अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था करने और ग्राम पंचायत भवनों में लेखन कार्य कराने आवेदन दिया।

इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने सीमांकन एवं बाटांकन कराने, सहायता राशि दिलाने संबंधी आवेदन भी दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनचौपाल का आयोजन प्रत्येक सोमवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाता है।

## 'मृदा एवं जल संरक्षण' पर राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 23 से 25 मई तक

**रायपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के तहत वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वाधान में नवा रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में 23 से 25 मई तक 'मृदा एवं जल संरक्षण' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय परामर्शी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में 23 मई को शाम 6 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे। वन मंत्री मोहम्मद अकबर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में देशभर से वन विभाग के अधिकारी, केंद्रीय टीम और विशेषज्ञ प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित एवं संवर्धित करने के संबंध में परिचर्चा करेंगे।

कार्यशाला में वन क्षेत्र में नरवा तथा जलाशयों के पुनर्जीवन हेतु किए जाने वाले प्रयास और जीविका में सुधार के लिए लघु वनोत्पाद का सतत् प्रबंधन विषय पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव चंद्र प्रकाश गोयल, राष्ट्रीय कैंपा प्राधिकरण के सीईओ सुभाष चंद्रा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रकाश राय शामिल होंगे।

# छत्तीसगढ़ में जैवविविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए हो रहे सतत् कार्यः वनमंत्री मोहम्मद अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2023 के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मुख्य आतिथ्य में नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के लिये इस वर्ष का थीम 'समझौते से कियान्वयन जैवविविधता को पुर्ननिर्माण' था। इस अवसर पर राज्य जैवविविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव (वन) मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवासराव, सदस्य सचिव अरूण कुमार पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में जैवविविधता पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## जैवविविधता संरक्षण हेतु विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार घोषित




कार्यक्रम में राज्य स्तरीय जैवविविधता पुरस्कार 2023 की घोषणाएं की गई तथा वनमंत्री अकबर द्वारा चयनित संस्थाओं एवं व्यक्तियों को पुरस्कार वितरित किया गया। इनमें जैवविविधता प्रबंधन समिति धमनी बलौदाबाजार, शिवकुमार चंद्रवंशी ग्राम कोको, माँ रूपई इको क्लब कसेकेरा महासमुंद, डॉ. जसमीत सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग, पीपुल फॉर एनिमल वाईल्ड लाईफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया, कंजरवेशन कोर सोसायटी बिलासपुर, वीरेन्द्र सिंह ग्रीन कमांडो जिला बालोद, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही बागबहरा, अनुप रंजन पाण्डे, राजवाडे ग्राम सोनपुरखुर्द को विभिन्न वर्गों में पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर सदस्य सचिव अरूण कुमार पाण्डेय, वैज्ञानिक एम.एल. नायक, डॉ. आर.पी. मिश्रा द्वारा तैयार की गई पुस्तक 'बायोडायवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़' का विमोचन भी वनमंत्री द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त जैवविविधता के क्षेत्र में जागरूकता लाने हेतु स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित ऑनलाईन निबंध पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

वन मंत्री अकबर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जैव विविधता से परिपूर्ण है। यहां जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने राज्य में जैवविविधता संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति एक जनजागरूकता अभियान प्रारंभ करने और इसे गति देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में जैव विविधता समितियों को सक्रिय करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम को प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव अध्यक्ष बायोडायवर्सिटी बोर्ड राकेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव (वन) मनोज पिंगुआ के द्वारा भी संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम जैवविविधता बोर्ड के सदस्य सचिव अरूण कुमार पाण्डेय द्वारा बोर्ड की प्रत्येक वर्ष की गतिविधियों का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान सदस्य सचिव ने बताया कि बोर्ड के द्वारा राज्य में लगभग 12000 पी.बी.आर. (जन जैवविविधता पजी) तैयारी के लक्ष्य के विरूद्ध 8382 पी.बी.आर. तैयार कर ली गई है तथा यह कार्य सतृत रूप से चल रहा है। बोर्ड के द्वारा गिधवा परसदा क्षेत्र में एक पक्षी विवेचना एवं जागरूकता केन्द्र जो भविष्य में बर्ड सफारी के रूप में भी कार्य करेगा, बनाने का कार्य प्रगति पर है। प्रस्तावित बर्ड सफारी भवन की डिजाईन का भी प्रस्तुतीकरण सदस्य सचिव द्वारा किया गया। सदस्य सचिव ने यह भी बताया कि राज्य में चयनित वेटलैण्ड के संरक्षण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

गतवर्ष राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बायोडायवर्सिटी बोर्ड के कार्यालय को नवगठित छत्तीसगढ़ वेटलैण्ड अर्थाॅरिटी का सचिवालय भी घोषित किया था। राज्य के चयनित स्थलों पर नेचर ट्रेल, बायोडायवर्सिटी अवरनेस वॉक भी विकसित किया जा रहा है। धमतरी वनमंडल में गंगरेल बांध के निकट मानव वन, बिलासपुर के खरोरा सर्कल में इको नेचर कैम्प तथा जांजगीर-चांपा वनमंडल में दलहा पहाड़ में नेचर ट्रेल बनाने का कार्य प्रगति पर है बायोडायवर्सिटी बोर्ड के द्वारा देश के एक मात्र मेरिन फॉसिल क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ में मेरिन फासिल बनाने का कार्य भी प्रगति पर है। कांकेर वनमंडल के शाहबाड़ा ग्राम को पक्षी पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने का काम भी बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है। सदस्य सचिव ने यह भी अवगत कराया कि गत एक वर्ष में बोर्ड के द्वारा राज्य के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों को गुजरात के केवडिया गांधी नगर में स्थापित केक्टस गॉर्डन तथा उड़ीसा में रामसर स्थलों के अध्ययन हेतु प्रवास पर भेजा गया है, इसके अतिरिक्त विविध विषयों पर नेशनल लेवल के सेमीनार भी आयोजित किये गये है।

# कुमार विश्वास प्रस्तुत करेंगे राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में रामकथा, मैथिली ठाकुर भी देंगी प्रस्तुति

### देश भर से प्रख्यात गायक और कलाकार देंगे 1 से 3 जून तक रामायण प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश में रामकथा के प्रख्यात प्रस्तुतकर्ता कुमार विश्वास रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में रामकथा प्रस्तुत करेंगे। विश्वास की पहचान मूलतः कवि के रूप में रही है लेकिन विगत कुछ वर्षों से उन्होंने अपनी खास भाषा में प्रस्तुति के विशिष्ट अंदाज में रामकथा प्रस्तुत की है। इसी तरह अपनी सुमधुर आवाज और लोकगीतों में अद्भुत पकड़ के चलते सुश्री मैथिली ठाकुर का गायन भी बहुत लोकप्रिय रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि देश-विदेश में प्रचलित रामकथा का अस्वादन अधिकतम लोग कर सकें।



राष्ट्रीय रामायण महोत्सव मूलतः रामकथा के अरण्य कांड पर केंद्रित है। इस मायने में कुमार विश्वास की अब तक हुई रामकथा पर ध्यान दें तो उनका बहुत सा हिस्सा वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम द्वारा किये गये विशिष्ट संघर्षों पर केंद्रित होता है। उनकी कथा में उन ऋषियों का जिक्र होता है, जिसमें अरण्य कांड के दौरान भगवान श्रीराम मिले। उल्लेखनीय है कि रामकथा से जुड़े हुए अनेक ऋषियों की पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ रही है। भगवान श्रीराम वनवास के दौरान इन ऋषियों के आश्रम में गये और उनसे लगातार ब्रह्म ज्ञान पर चर्चा की। संस्कृति विभाग द्वारा अरण्य कांड पर महोत्सव रखने का एक विशिष्ट कारण यह भी है कि इनमें से अधिकतर लीला भगवान श्रीराम ने दंडकारण्य में की है। युवा वर्ग में और संगीत प्रेमियों में इंडियन आइडल फेम शंमुख प्रिया बहुत चर्चित रही हैं। रायगढ़ में श्रोताओं के पास उन्हें सुनने के लिए विपुल समय होगा और वे तन्मयता से उनसे श्रीराम के चरित पर सुमधुर गीत सुन सकेंगे। इसी तरह सारेगामा फेम शरद शर्मा की खास प्रस्तुति भी दर्शकों के लिए होगी। मशहूर गायक हंसराज रघुवंशी और लखबीर सिंह लक्खा के भजनों से लोगों के दिन की सुंदर शुरूआत होती है। उन्हें प्रत्यक्ष रूप से सुनने का मौका इस महोत्सव में उपलब्ध होगा।

सबसे खास बात महोत्सव में दक्षिण पूर्वी एशियाई द्वीपों के दलों की प्रस्तुति होगी। रामकथा इन द्वीपों के मानस में गहराई से बसी हुई है और इनका नृत्य गायन बहुत कुछ रामलीला पर आधारित है। किस प्रकार श्रीराम की कथा इन द्वीपों में फैली। इनकी सामूहिक स्मृति का हिस्सा बनी। इनके धरोहरों में अंकित हुई। इन सबकी समझ और इसकी सुंदरता की गहराई दर्शक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में जान सकेंगे।

# नेशनल आयुष मिशन कॉन्क्लेव में सियान जतन क्लीनिक की हुई सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के आयुष संस्थाओं में हर गुरूवार को संचालित सियान जतन क्लिनिक को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा हाल ही में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नेशनल आयुष मिशन कॉन्क्लेव में चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद ने इस पर प्रस्तुतिकरण दिया। कॉन्क्लेव में नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत देश भर में संचालित उत्कृष्ट और अभिनव गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रारम्भ किए गए सियान जतन क्लीनिक को भारत सरकार ने इस कॉन्क्लेव में विशिष्ट गतिविधि के रूप में शामिल किया था।




नेशनल आयुष मिशन कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद ने सियान जतन क्लीनिक के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और हितग्राहियों की जानकारी की। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी 1174 शासकीय आयुष संस्थाओं में हर गुरूवार को बुजुर्गों के लिए विशेष ओपीडी सेवाएं तथा पंचकर्म सेवाएं संचालित की जाती है। पिछले वर्ष मई में प्रारंभ हुई इन क्लिनिकों के माध्यम से अब तक चार लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा चुकी हैं। कॉन्क्लेव में मौजूद भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा अन्य राज्यों के अधिकारियों ने सियान जतन क्लीनिक को अनुकरणीय पहल बताते हुए इस तरह के क्लिनिक अपने-अपने राज्यों में शुरू करने के लिए छत्तीसगढ़ द्वारा जरूरी मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया।

# "जनजातीय वाचिकोत्सव 2023": तीन दिवसीय आयोजन 25 से 27 मई तक नवा रायपुर में

### जनजातीय वाचिक परंपरा के संरक्षण एवं अभिलेखीकरण में मिलेगी मदद

### जनजातीय वाचिकोत्सव में 240 जनजातीय वाचकों की सहभागिता संभावित

### नौ विधाओं का किया जाएगा वाचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राज्य शासन के सहयोग से आदिवासी जीवन से संबंधित वाचिक परंपरा के संरक्षण, संवर्द्धन एवं उनके अभिलेखीकरण के उद्देश्य से 25 से 27 मई 2023 तक तीन दिवसीय "जनजातीय वाचिकोत्सव 2023" का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के जनजातीय वाचकों द्वारा जनजातीय वाचिक परंपरा की विभिन्न विधाओं के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।

"जनजातीय वाचिकोत्सव 2023" के आयोजन के उपरांत संस्थान द्वारा जनजातीय वाचिक परंपरा के संरक्षण एवं अभिलेखीकरण के दृष्टिगत पुस्तक का प्रकाशन भी किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए विषयों के साथ-साथ राज्य के अन्य जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों से भी जनजातीय वाचिक परंपरा के क्षेत्र में प्रकाशन हेतु आलेख आमंत्रित किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि यह आयोजन टी.आर.टी.आई. संस्थान के नवनिर्मित भवन में होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव द्वारा की जाएगी।




"जनजातीय वाचिकोत्सव 2023" के अंतर्गत लगभग 240 जनजातीय वाचकों की सहभागिता संभावित है। इनमें प्रमुख रूप से जनजातीय साहित्यकार अश्वनी कुमार पंकज (रांची झारखण्ड) एवं पंकज चतुर्वेदी (नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली) भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

जनजातीय वाचिकोत्सव में 09 विधाओं का वाचन किया जाएगा। "जनजातीय देवी-देवता एवं मड़ई मेला के संबंध में वाचिक ज्ञान, जनजातियों में प्रचलित लोक कहानियाँ, जनजातियों में प्रचलित कहावतें एवं लोकोक्तियां, जनजातीय लोकगीत, उनका अभिप्राय एवं भावार्थ, जनजातीय तीज-त्यौहार से संबंधित वाचिक ज्ञान, जनजातीय जीवन संस्कार (जन्म, विवाह, मृत्यु इत्यादि) संबंधी वाचिक परम्परा, जनजातीय समुदाय की उत्पत्ति संबंधी धारणा एवं वाचिक ज्ञान, जनजातीय समुदाय में गोत्र व्यवसाय एवं गोत्र चिन्हों की अवधारणा संबंधी वाचिक ज्ञान, जनजातियों में प्रचलित विशिष्ट परम्परा (गोदना, लाल बंगला, घोटूल, धनकूल, जगार, जात्रा, धुमकुरिया आदि) रीति रिवाज एवं परम्परागत ज्ञान एवं विश्वास" पर वाचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रतिदिन 8 सत्रों में विभाजित किया गया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शामिल सभी जनजातीय वाचकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183



## कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए काफी एक्साइटिड हैं मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय चल रहे प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि वह वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, मौनी, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट के साथ सहयोग किया है, ने कहा- मुझे कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी शुरूआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कान में लेंसकार्ट का प्रतिनिधित्व करना और इस उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। मैं इस अविश्वसनीय अवसर के लिए आभारी हूं और इस वैश्विक मंच पर सिनेमा के लिए अपनी अनूठी शैली और जुनून दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसमें कई अन्य लोगों के अलावा संजय दत्त और पलक तिवारी भी हैं।

## सोनू सूद की कर्नाटक में रिलीज हुई राजनीतिक फिल्म श्रीमंथा

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद की श्रीमंथा और तीन अन्य कन्नड़ फिल्में शुक्रवार को कर्नाटक में रिलीज हुईं। डेयर डेविल मुस्तफा, हॉकी पर केंद्रित ड्रामा जर्सी नंबर 10 और सुमन अन्य फिल्में हैं। श्रीमंथा पिछले महीने रिलीज होने वाली थी, लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण इसे टाल दिया गया। कर्नाटक के पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा, साथ ही वरिष्ठ नेता बासवराज होराती और ईश्वर खंड्रे सहित कर्नाटक के राजनेताओं ने फिल्म में अतिथि भूमिका निभाई है, जो किसानों के जीवन पर आधारित है। फिल्म के डायरेक्टर रमेश हसन हैं। सोनू सूद के साथ क्रांति और कल्याणी मुख्य किरदार निभा रहे हैं। डेयर डेविल मुस्तफा प्रशंसित और बहु-प्रतिभाशाली कन्नड़ लेखक केपी पूर्णचंद्र तेजस्वी की कहानी पर आधारित एक कॉमेडी ड्रामा है। शशांक सोगल निर्देशक हैं। जर्सी नंबर 10 एक हॉकी खिलाड़ी की दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी है। राज्य स्तरीय हॉकी खिलाड़ी आद्या थिमैया, जो निमार्ताओं में से एक हैं, मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म को आद्या थिमैया और राशिन सुब्बैया द्वारा सह-निर्मित किया जा रहा है। सुमन रवि सागर द्वारा निर्देशित है और इसमें धर्मा कीर्तिराज, रजनी भारद्वाज, जायलीन गणपति और निमिका रत्नाकर मुख्य भूमिकाओं में हैं।



## सुरवीन चावला एक दशक के बाद कान्स फिल्म फेस्टिवल में होंगी शामिल

एक्ट्रेस सुरवीन चावला प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में नजर आएंगी। प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में सुरवीन का यह दूसरा मौका है। उन्होंने 2013 में कान में अपनी फिल्म अग्ली के लिए शुरूआत की थी। इस बारे में बात करते हुए सुरवीन ने कहा, मैं प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में दूसरी बार जाने को लेकर उत्साहित हूं। कान मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है और इस प्रतिष्ठित रेड कार्पेट का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे साल के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक में भाग लेने का मौका मिला, जिसमें फिल्म दिग्गज, फैशन एक्सपर्ट्स और मनोरंजन इंडस्ट्री के सबसे बड़े नाम शामिल हुए। मैं हाई फैशन लेंस के माध्यम से हमारी वाइब्रेंट कल्चर का एक हिस्सा प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक हूं। सारा अली खान, ऐश्वर्या राय बच्चन, उर्वशी रौतेला सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने वहां रेड कार्पेट पर अपना बेस्ट फैशन पेश किया।

# सिद्धांत चतुर्वेदी ने फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में बनाई जगह



**भारतीय फिल्म इंडस्ट्री अपने प्रतिभाशाली अभिनेताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करता है, और आज हम यहां सिद्धांत चतुर्वेदी की जीत का जश्न मना रहे हैं जिन्होंने फोर्ब्स एशिया की प्रतिष्ठित 30 अंडर 30 लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर बलिया से आने वाले सिद्धांत ने अपने चार्म और बेहतरीन एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी की लोकप्रियता में उनकी डेडिकेशन, जुनून और अद्वितीय टैलेंट का खूब हाथ है। अपनी विनम्र शुरुआत से लेकर भारत के सबसे होनहार अभिनेताओं में से एक बनने तक, सिद्धांत की यात्रा किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं रही हैं। अपनी हर भूमिका के साथ वह दर्शकों को बांधे रखते हैं और एक अमिट छाप छोड़ते हैं।**

फोर्ब्स एशिया 30 अंडर 30 लिस्ट उन व्यक्तियों को पहचानती है जिन्होंने अपने फील्ड में अहम योगदान दिया है, और सिद्धांत का फिल्म इंडस्ट्री में शामिल होना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी प्रतिभा पर रोशनी डालता है और न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनकी बढ़ती लोकप्रियता का सबूत भी पेश करता है।

क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्म गली बॉय में एमसी शेर के रूप में अपनी सफल भूमिका के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी ने सबके होश उड़ा दिए। एक स्ट्रीट रैपर के मेंटर के उनके किरदार ने आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से तारीफ हासिल की, जिसके लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स और नॉमिनेशन्स भी मिले। उनकी गतिशील ऑन-स्क्रीन उपस्थिति और उनके कैरेक्टर्स में गहराई लाने की क्षमता ने उन्हें फिल्मी जगत में एक ताकत बना दिया है।

गली बॉय की सफलता के बाद सिद्धांत ने अपने डाइवर्स च्वाइस की भूमिकाओं के साथ फिल्म इंडस्ट्री में लहरें पैदा करना जारी रखा हैं। चाहे वह एक आकर्षक रोमांटिक लीड हो, एक कॉम्प्लेक्स और ब्रूडिंग किरदार हो, या एक कॉमिक रोल हो, वह सहजता से अपने द्वारा निभाए गए हर किरदार में जान फूंक देते हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के चलते उनका एक समर्पित फैनबेस भी है और उन्होंने बॉलीवुड में एक उभरते हुए सितारे के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

अपने अभिनय कौशल के अलावा, सिद्धांत चतुर्वेदी के पास एक अनोखा चार्म है जो दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होता है। उनकी विनम्रता, डाउन-टू-अर्थ नेचर और संक्रामक मुस्कान ने उन्हें मीडिया का फेवरेट और उनके सहयोगियों के बीच पसंदीदा बना दिया है। सिद्धांत अपनी बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, जमीन से जुड़े रहें और अपने शिल्प के प्रति कमिटेड रहें, सीमाओं को पार करने और असाधारण प्रदर्शन देने के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं।

फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में सिद्धांत का शामिल होना एक रिमाइंडर है कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती है। उनकी उपलब्धियां न केवल महत्वाकांक्षी अभिनेताओं बल्कि सभी फील्ड्स के युवाओं को अपने सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं।

जैसे-जैसे सिद्धांत चतुर्वेदी के सितारें बढ़ रहे हैं, वे महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में काम करते हैं जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं। अपने शिल्प के प्रति उनका डेडिकेशन, उनके संक्रामक जुनून के साथ, अगली पीढ़ी की प्रतिभा के लिए एक प्रेरणा है। हर परियोजना के साथ वह अपनी लिमिट्स को आगे बढ़ा रहे हैं और एक्सीलेंस के लिए नए बेंचमार्क स्थापित करते हैं।

हम सिद्धांत चतुर्वेदी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। अब जब वह फोर्ब्स एशिया के 30 अंडर 30 के प्रतिष्ठित रैंक में शामिल हो चुके हैं, तो हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले सालों में वह सिल्वर स्क्रीन पर अपनी गहरी चमक बिखेरते नजर आएंगे। उनकी सफलता युवा कलाकारों को खुद पर विश्वास करने और निडर होकर अपने सपनों का पीछा करने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में काम करे। कह सकते है, सिद्धांत चतुर्वेदी ने देश को गौरवान्वित किया है, और हम उम्मीद करते है कि आप आगे भी अपने शानदार काम से देश का नाम पूरी दुनिया में रौशन करेंगे।

# अक्षरा सिंह और राहुल शर्मा की फिल्म फिल्म डार्लिंग का ट्रेलर रिलीज




भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह और अभिनेता राहुल शर्मा की आने वाली फिल्म डार्लिंग का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। निर्माता प्रदीप के शर्मा और निर्देशक रजनीश मिश्रा की फिल्म 'डार्लिंग' का ट्रेलर वर्ल्ड वाइड भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस अवसर पर राहुल शर्मा, अक्षरा सिंह, रोहित सिंह मटरू, प्रदीप के शर्मा, रजनीश मिश्रा और प्रस्तुतकर्ता रत्नाकर कुमार मौजूद रहे। डार्लिंग बाबा मोशन पिक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रत्नाकर कुमार द्वारा प्रस्तुत फिल्म है। राहुल शर्मा ने बताया कि फिल्म डार्लिंग में मेरा किरदार आज के नौजवान का है, जो दीवानगी की हदें क्रॉस कर देता है। यह फिल्म सबों खास कर युवाओं को बेहद पसंद आने वाली है, इसलिए इसे जरूर सिनेमाघरों में जाकर देखें। फिल्म बेहद अच्छी है। अक्षरा सिंह के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। अक्षरा के साथ स्क्रीन शेयर करके खुशी मिली। उन्होंने थ्रूआउट मुझे गाइड भी किया। अभिनय से लेकर कैरेक्टर को पोट्रे करने में मेरी मदद की। उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित था और नर्वस भी।


अक्षरा सिंह ने कहा कि बहुत सी फिल्में बनती हैं भोजपुरी इंडस्ट्री में, लेकिन अधिकांश में यूथ को टारगेट नहीं कर पाते हैं। मैंने अबतक जो भी मुकाम हासिल किया है, उसमें यूथ का योगदान है। फिल्म डार्लिंग से आप और हम रिलेट कर सकते हैं। डार्लिंग अमेजिंग फिल्म है। रजनीश मिश्रा बेहतरीन निर्देशक हैं।उनके साथ मैं बहुत दिनों से फिल्म करना चाह रही थी। मैं इंतजार में थी कि उनके साथ काम करने का मौका मिले, जो इस फिल्म डार्लिंग में मिला। उनकी मेकिंग शानदार होती है। चाहे रोमांस हो, यह कुछ भी। वे कंप्लीट सिनेमा बनाते हैं। इनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

फिल्म डार्लिंग को लेकर निर्माता प्रदीप के शर्मा और निर्देशक रजनीश मिश्रा ने लोगों को फिल्म डार्लिंग थियेटर में जाकर देखने की अपील की। वहीं, रत्नाकर कुमार ने कहा कि डार्लिंग जैसी फिल्में भोजपुरी सिनेमा और भोजपुरी को गौरवान्वित करने वाली है।

गौरतलब है कि फिल्म डार्लिंग की को प्रोड्यूसर अनीता शर्मा है। फिल्म डार्लिंग में अक्षरा सिंह और राहुल शर्मा के साथ शुरुश्ती पाठक, अमित शुक्ला, संजय महानंद, रोहित सिंह मटरू और सुजान सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का गीत रजनीश मिश्रा, प्रफुल्ल तिवारी और संतोष उत्पाती का है। म्यूजिक रजनीश मिश्रा ने दिया है। एक्शन दिलीप यादव का है। कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी और संजीव शर्मा ने की है। फिल्म का म्यूजिक वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के पास है।

# देवरा बनकर सिनेमाई परदे पर गदर मचाएंगे जूनियर एनटीआर, साथ होंगी जाह्नवी कपूर





आरआरआर के बाद अपनी अगली फिल्म निर्देशक शिवा कोराताला के साथ लेकर आने वाले जूनियर एनटीआर ने हाल ही में अपना 40वां जन्म दिन मनाया है। इस खुशी के मौके पर कोराताला शिवा की टीम ने अपनी फिल्म के टाइटल व प्रदर्शन तिथि की घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर की इस फिल्म का देवरा है और यह 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में पैन इंडिया प्रदर्शित की जाएगी। आरआरआर के बाद से जूनियर एनटीआर का क्रेज हिन्दी भाषी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा बढ़ गया है जिसके चलते अब उनकी फिल्मों को हिन्दी में प्रदर्शित किया जाएगा।

### जाह्नवी कपूर संग रोमांस करेंगे जूनियर एनटीआर


गौरतलब है कि जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक कोराताला शिवा की इस फिल्म में हिन्दी फिल्मों में नजर आ रही जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसका धमाकेदार ऐलान मेकर्स ने कुछ वक्त पहले ही किया था। जाह्नवी कपूर की यह पहली साउथ फिल्म होगी। जिसमें वो जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं। दिलचस्प बात ये है कि जूनियर एनटीआर और निर्देशक कोरताला शिवा की ये फिल्म एक पैन इंडिया रिलीज होगी। यही वजह है कि इस फिल्म को मेकर्स हिंदी में भी रिलीज करने वाले हैं।

खास बात यह है कि जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा इससे पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म जनता गैराज में एक साथ काम कर चुके हैं। यही वजह है कि इस फिल्म से भी दर्शकों को खासी उम्मीदें हैं। जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा की इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल और अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आई थीं। फिल्म की बंपर सक्सेस के बाद अब दूसरी बार ये स्टार एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी दोबारा धमाल मचाने की तैयारी में हैं।

### कोरताला शिवा के लिए बेहद जरूरी है जूनियर एनटीआर की फिल्म

याद दिला दें कि निर्देशक कोरताला शिवा ने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री को कई शानदार और सुपरहिट फिल्में दी हैं। मगर बीती दफा सुपरस्टार राम चरण और चिरंजीवी संग आई उनकी फिल्म आचार्य थियेटर्स में धमाल नहीं मचा पाई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। जिसकी वजह से कोराताला शिवा भारी कर्जे में डूब गए थे। इस मुश्किल वक्त में निर्देशक को जूनियर एनटीआर ने सपोर्ट किया। अब देखना दिलचस्प होगा कि उनकी ये फिल्म सिनेमाघरों में कैसा प्रदर्शन कर सकेगी।

# लियो के बाद अपनी अगली फिल्म के लिए थलापति विजय ने वेंकट प्रभु संग मिलाया हाथ



इस वर्ष जनवरी माह में वारिसु में नजर आए थलापति विजय अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गए हैं। सिने गलियारों में बहती हवाओं ने कहा है कि थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक वेंकट प्रभु संग हाथ मिलाया है। जब से यह समाचार गलियारों में फैला है उद्योग को हैरानी हो रही है। कहा जा रहा है एक असफल निर्देशक के साथ क्यूंकर विजय थलापति काम करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि निर्देशक वेंकट प्रभु की हालिया प्रदर्शित फिल्म कस्टडी बॉक्स ऑफिस पर असफल करार हो गई है। कहा जा रहा है कि थलापति विजय को वेंकट प्रभु का आइडिया पसन्द आया है और उन्होंने उनकी फिल्म को हाँ कर दी है। इससे पहले विजय की 68वीं फिल्म के लिए निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी और निर्देशक एटली की अगली फिल्म के बारे में चर्चा चल रही थी। अचानक से वेंकट प्रभु बीच में कैसे आ गए इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

हालांकि इन दिनों थलापति विजय निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म लियो को पूरा करने में लगे हुए हैं। वारिसु के जरिये हिन्दी भाषी दर्शकों को अपने साथ जोडने में सफल रहे थलापति की अब सभी फिल्मों को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किए जाने की चर्चाएं हैं। कहा जा रहा है कि लियो को कनगराज तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड और हिन्दी में प्रदर्शित करेंगे। कनगराज की पिछली प्रदर्शित फिल्म विक्रम भी पैन इंडिया प्रदर्शित हुई थी।

मीडिया समाचारों के अनुसार थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए 200 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है। थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री के पॉपुलर डायरेक्टर वेंकट प्रभु के साथ हाथ मिलाया है। बताया जा रहा है कि थलापति विजय को ये रकम एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा दी जाएगी। हालांकि, थलापति विजय को 200 करोड़ रुपये की फीस वाली बात की पुष्टि नहीं हुई है। इसको लेकर मेकर्स या अभिनेता की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। बताते चलें कि एजीएस एंटरटेनमेंट वही कंपनी है जिसने साल 2019 में रिलीज हुई थलापति विजय की फिल्म बिगिल को प्रोड्यूस किया था।

थलापति विजय के वर्क फ्रंट की बात करे तो पिछली बार जनवरी, 2023 में रिलीज हुई फिल्म वारिसु में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। अब थलापति विजय डायरेक्टर लोकेश कनगराज की फिल्म लियो में काम करते दिखाई देंगे। फिल्म लियो में थलापति विजय के अलावा संजय दत्त और तृषा कृष्णन भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म लियो को लेकर बताया जा रहा है कि इसमें थलापति विजय के पिता की भूमिका में संजय दत्त नजर आएंगे। ये फिल्म गैंगस्टर थ्रिलर बताई जा रही है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



## खास खबर

### बाल श्रम की समाप्ति में योगदान करें एवं बच्चों को नशे से दूर करे

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाईल्ड लाईन के द्वारा सतत् निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दल द्वारा विकासखण्ड रामानुजनगर के मुख्य बाजार क्षेत्र एवं देवनगर के मुख्य बाजार क्षेत्र के बस स्टैण्ड, मुख्य मार्ग के दुकानों, बाजारों, में निरीक्षण कार्य किया गया। इस दौरान कोई भी बालक बाल श्रम एवं भिक्षा मांगते हुए नहीं पाया गया। दुकानदारों को पम्पलेट के माध्यम से बताया गया कि बच्चों को बाल श्रम में नियोजित किये जाने पर 20000 रूपयें से 50000 रूपये तक का जुर्माना या 06 माह से 2 साल तक कारावास या दोनों से भी दण्डित किया जा सकता है। रामानुजनगर के बस स्टैण्ड में पान दुकान के संचालकों को जानकारी दी गयी कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नशीले पदार्थ जैसे पान, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट इत्यादि की बिक्री ना करें। मेडिकल शॉप के दुकानों में बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कोई भी दवा बिना डॉक्टर की पर्ची के बिना न दे। नशीले टैबलेट, सीरप या नींद आने वाली दवा बच्चों के मॉगने पर इसकी बिक्री न करे। बल्कि इसकी सूचना दे। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई से अखिलेश कुमार, जैनेन्द्र दुबे चाईल्ड लाईन से समन्वयक कार्तिक मजूमदार, नंदनी खटीक, पुलिस विभाग से डी.एस. मार्को, महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक गंगोत्री देवी अभियान में उपस्थित रहें।

### ई-जनचौपाल में 59 आवेदन प्राप्त

**कांकेर।** जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। आज आयोजित ई-जनचौपाल में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार ने नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं पखांजूर जनपद कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीण ई-जनचौपाल में प्रत्यक्ष मुलाकात कर अपनी समस्या व शिकायत से अवगत कराया और प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अपर कलेक्टर श्री अहिरवार ने ई-जनचौपाल में 59 लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में अंतागढ़ विकासखण्ड से 02, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 02, चारामा विकासखण्ड से 06, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 01, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 08 और नरहरपुर विकासखण्ड से 01 लोगों ने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 39 लोगों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर अपर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### उल्लास समर कैंप में बच्चों की बनाई आकर्षक कला कृतियों की अतिथियों ने की सराहना

**सुकमा।** 5 मई से प्रारम्भ उल्लास समर कैम्प का समापन आज किया गया। समर कैम्प में शामिल अंदरूनी क्षेत्र के बच्चों की बनाई सुंदर और आकर्षक कला कृतियाँ जनप्रतिनिधियों के साथ ही आमजनों को खूब रास आई। समापन समारोह में पहुंचे संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक श्री रेखचन्द जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष व विधायक नारायणपुर श्री चंदन कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक श्रीमती देवती कर्मा, चित्रकोट विधायक श्री राजमन बेंजाम,अंतागढ़ विधायक श्री अनूप नाग, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी, सभी जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष, प्राधिकरण के मनोनीत सदस्य सहित अन्य प्रतिनिधियों ने बच्चों की मनमोहक कला कृतियों की खूब सराहना की। उपस्थित अतिथियों ने उल्लास कैम्प में चित्रकला, कराटे, मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, स्पोकन इंग्लिश, नृत्य-संगीत, कबाड़ से जुगाड़ (क्राफ्ट)सहित अन्य विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। श्री लखमा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षण देने का कार्य कर रही है। साथ ही क्षेत्र के विकास में भी हरसंभव कोशिश कर रही है। उल्लास समर कैम्प में शामिल होकर आप सभी ने गर्मी छुट्टी का सदुपयोग करके बेहद सुंदर कला कृतियाँ बनाया है। आगामी दिनों में भी फुरसत के समय का सदुपयोग करके पढ़ाई के साथ कला कौशल को निखारने का प्रयास करें। आप सभी के एक छोटे से प्रयास से निश्चित रूप से बस्तर का विकास होगा और साथ ही छत्तीसगढ़ के विकास में भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए खेलकूद का भी बहुत महत्व है, खुद को स्वस्थ रखकर खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना है। इस अवसर पर उल्लास समर कैम्प के नोडल अधिकारी आशीष राम सहित शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार

# दिव्यांगों और प्रतिदिन श्रमिकों को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में अव्वल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत कबीरधाम जिले में अनेकों निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। 1 अप्रैल से अब तक कबीरधाम जिला प्रदेश में तीन अलग-अलग पैरामीटर्स में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश में सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार देने, दिव्यांगों को रोजगार देने एवं प्रतिदिन कार्य करने वाले सर्वाधिक मजदूर कबीरधसम जिले से ही हैं। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक 16 लाख 90 हजार से अधिक मानव दिवस का रोजगार सृजन कर ग्रामीणों को काम दिया गया।

इसी तरह 1 हजार 711 दिव्यांग व्यक्तियों को योजना से कार्य दिया गया और साथ ही जिले में 1 लाख 11 हजार 798 मजदूरों को रोजगार दिया गया है जो प्रदेश में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि इन तीनों पैरामीटर्स में जिला लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जो दिखाता है कि जिला प्रशासन द्वारा कार्य के मुख्य सीजन में योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर रहा है, जिसके कारण ग्रामीण अंचलों में बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर ग्रामीणों को प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्व से स्वीकृत कर रखा गया है, जिसे ग्रामीणों की मांग पर खोला जा रहा है। गर्मी के दिनों में फसल कटाई के बाद मार्च, अप्रैल, मई एवं जून माह के मध्य तक जिले के ग्रामीणों को रोजगार की आवश्यकता पड़ती है और इसी दौरान सर्वाधिक पंजीकृत मजदूर कार्य में नियोजित होते हैं। जिला प्रशासन द्वारा इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले के 428 ग्राम पंचायतों में 1154 निर्माण कार्य चल रहे हैं। सभी मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य का पर्यवेक्षण करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करें। इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिला रोजगार देने के तीन अलग-अलग पैरामीटर्स में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर बना हुआ है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 39.508 लाख मानव दिवस का रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें से 16 लाख 90 हजार मानव दिवस रोजगार ग्रामीणों को मिल गया है जो लक्ष्य का लगभग 43 प्रतिशत हैं। इसी तरह अभी तक 49 करोड़ 11 लाख रूपए व्यय हुआ है जिसमें से 27 करोड़ 37 लाख रुपए से अधिक का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को उनके खाते में किया जा चुका है। उन्हांने बताया कि ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार देने के लिए अनेक मजदूरी मुल्क कार्य प्रारंभ किए गए हैं। जिसमें डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, नाला गाद सफाई कार्य, तालाब गहरीकरण, कच्ची नाली निर्माण, भूमि समतलीकरण एवं मेड बंधान कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण एवं अमृत सरोवर सहित अनेक कार्य शामिल है जो ग्रामीणों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

#### बोलते आंकड़े........

1) मानव दिवस- प्रदेश के 33 जिलों में 16 लाख 90 हजार का मानव दिवस का रोजगार देकर कबीरधाम जिला प्रथम स्थान पर। कांकेर 12 लाख 69 हजार मानव दिवस का रोजगार के साथ दूसरे स्थान पर एवं बिलासपुर जिला 12 लाख 56 हजार मानव दिवस का रोजगार के साथ तीसरे स्थान पर है।

2) दिव्यांगों को रोजगार- प्रदेश के 33 जिलों में कबीरधाम जिला द्वारा 1 हजार 711 दिव्यांगों को रोजगार देकर प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जिला रायपुर 1 हजार 227 दिव्यांगों को रोजगार देकर दूसरे स्थान पर एवं जिला राजनांदगांव 1 हजार 273 दिव्यांगों को रोजगार देकर तीसरे स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि दिव्यांगों से उनकी शारीरिक दक्षता अनुसार कार्य लिया जाता है। जैसे कार्यरत मजदूरों को पानी पिलाने के लिए काम देना, हाजिरी दर्ज करना एवं कार्य का ड्रेसिंग करना आदि।

3) प्रतिदिन मजदूरों को रोजगार- कबीरधाम जिले में 1 लाख 11 हजार 798 पंजीकृत मजदूरों को कार्य देकर प्रथम स्थान पर है। जिला राजनंदगांव 75 हजार 335 मजदूरों को रोजगार देकर दूसरे स्थान पर एवं जिला बालोद 67 हजार 135 मजदूरों को रोजगार देकर तीसरे स्थान पर है।

# फ्लैगशिप योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो बेहतर क्रियान्वयन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन से अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। श्री लखमा आज जिला मुख्यालय सुकमा में बस्तर विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्षा में आयोजित बैठक में उद्योग मंत्री श्री लखमा ने कहा कि सुकमा जिला प्रशासन की बेहतर मॉनिटरिंग के कारण जिले में दसवीं और बारहवीं परीक्षा का रिजल्ट बेहतर रहा है। इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिला अस्पताल को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष श्री संतराम नेताम ने भी संबोधित कर विकास कार्यों में गति देने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय सुकमा में पहली बार बस्तर विकास विकास प्राधिकरण की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लकेश्वर बघेल, उपाध्यक्ष श्री विक्रम मंडावी संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बस्तर संभाग के कमिश्नर तथा जिलों से आये कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में मुख्यमंत्री की घोषणाओं, वनाधिकार मान्यता पत्र देवगुड़ियों को सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र देने में बहुत अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधियों को भी योजनाओं के क्रियान्वयन का भी सतत निरीक्षण करने की आवश्यकता है। साथ ही गोठनों में संचालित आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर ने शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की

# अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छोटी मेहरा ने बनया था बड़ा रिकार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली कबीरधाम की बेटी छोटी मेहरा को मैडल पहनाकर, पुष्प-गुच्छ भेंटकर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर महोबे ने शुभकामनाएं देते हुए आगे भी जिले का नाम रौशन करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद के लिए दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा को आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पण्डा उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के बेंगलुरु में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की छोटी मेहरा ने 14 मीटर चक्र फेक कर भारत को गोल्ड मैडल दिलाया है। अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छोटी ने 16 देशों के खिलाड़ियों को परास्त कर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कबीरधाम जिले के छोटे कद की दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा का दबदबा देखने को मिला। इस उपलब्धि के पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छोटी मेहरा को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना भी किए थे।

दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित फोर्स एकेडमी की सदस्य है। छोटी मेहरा विगत 04 वषो से पुलिस अधाक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह निर्देशानुसार फोर्स एकेडमी के राष्ट्रीय कोच वसीम रज़ा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छोटी लगातार कड़ी मेहनत कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में मेंडल हासिल कर रहे है।

# मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज का सपना साकार करने में जुटी है छत्तीसगढ़ सरकार

## ग्रामीण उद्यमिता की नींव मजबूत कर रहा है रूरल इंडस्ट्रियल पार्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में जुटी है। शासन की योजनाओं से छत्तीसगढ़ में जहां किसानों को फसल का उचित दाम मिल रहा है वहीं गांवों में आजीविका के अवसर भी गौठान व रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से तैयार हो रहे है।



गांवों में पशुधन के लिए बनाये गौठान में तैयार हो रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क से ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिला है। प्रदेश में 300 रीपा संचालित किए जा रहे है। जिससे महिलाएं सशक्त हो रही है। गौठानों में तैयार उत्पादों के विक्रय के लिए जिला मुख्यालय एवं संभाग मुख्यालय में सी-मार्ट भी खोले गए है, जिससे इन उत्पादों को बड़ा बाजार मिला है।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से एक ओर जहां महिला समूहों को जोड़ा जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर ऐसे युवा जो खुद का काम शुरू करना चाहते हैं और उनके पास पर्याप्त जगह नहीं है। उन्हें गौठानों में बने इन इंडस्ट्रियल पार्कों में काम करने की जगह मिल रही है। प्रथम चरण में रायगढ़ जिले के 7 विकासखंड में 2-2 रीपा तैयार किए जा रहे हैं। गौठानों में समूहों द्वारा वर्मी कंपोस्ट निर्माण के साथ सामुदायिक बाड़ी, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्क में फेब्रिकेशन, सिलाई यूनिट, एल्यूमीनियम फेब्रिकेशन, मशरूम उत्पादन के साथ ही तेल, आटा, मिनी राइस मिल, गोबर पेंट निर्माण, गोबर के गमले, दीये आदि भी तैयार किए जा रहे है। इससे जुड़े लोगों को ट्रेनिंग भी दिलवायी जा रही है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें बहुत से गतिविधियां स्थानीय स्तर के युवाओं द्वारा की जा रही हैं। रीपा का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है, जिससे लोग स्वावलंबी हो और स्थानीय स्तर पर उन्हें आजीविका के अधिक से अधिक अवसर मिले।

### ग्रामीण उद्यमिता की नींव मजबूत कर रहा है रूरल इंडस्ट्रियल पार्क

गौठानों व रीपा में तैयार उत्पादों का विक्रय सी-मार्ट के द्वारा किया जा रहा है। यहां धरमजयगढ़ में तैयार सवई घास के उत्पाद, लैलूंगा से बने मिट्टी के बर्तन, घरघोड़ा में तैयार लाख के उत्पाद के साथ ही स्थानीय स्तर पर तैयार गृह उत्पाद जैसे- आचार, पापड़, बड़ी का विक्रय किया जाता है। सी-मार्ट के माध्यम से गौठानों के प्रोडक्ट के लिए एक बाजार भी तैयार हो गया है। होली के दौरान गौठान में विशेष रूप से हर्बल गुलाल तैयार किए गए, जिसकी बड़ी डिमांड रही।

# मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान दी अनेक विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिर्रा में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। श्री बघेल विधानसभा रामपुर क्षेत्र अंतर्गत लगभग 71 करोड़ 23 लाख से अधिक राशि के 65 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जिसके अंतर्गत 44 करोड़ 33 लाख रूपये की राशि के 33 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 26 करोड़ 90 लाख रुपए से अधिक राशि के 32 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास शामिल हैं।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर मुख्यमंत्री श्री बघेल क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

जिसके तहत लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा के अंतर्गत 28 करोड़ 28 लाख के चांपा गेवरा रेलमार्ग पर उरगा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण के 1 कार्य, लोक निर्माण विभाग कोरबा संभाग में 9 करोड़ 14 लाख 88 हजार के तिलाईडबरा से करतला रोड तक 2 कि.मी. लंबा सड़क निर्माण पुल-पुलिया सहित 4 कार्य, वन विभाग के अंतर्गत 2 करोड़ 24 लाख 93 हजार के 8 सड़क निर्माण कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के 8 कार्य हेतु 2 करोड़ 14 लाख 57 हजार, जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत 1 करोड़ 81 लाख 91 हजार के 10 विभिन्न कार्य तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत 6 करोड़ 8 लाख 76 हजार के 2 कार्य शामिल हैं।

इसी प्रकार शिलान्यास एवं भूमिपूजन के कार्यों के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 20 करोड़ 53 लाख 77 हजार के 22 कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल कंपनी मर्यादित कोरबा के 3 करोड़ 99 लाख 63 हजार के 2 कार्य, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग कोरबा अंतर्गत 1 करोड़ 42 लाख 24 हजार के 2 कार्य तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 94 लाख 60 हजार के 6 कार्य शामिल हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर...

### पीड़ित छात्राओं ने की शिकायत तो परिजनों को केस वापस लेने के लिए मिली धमकी

**बिलासपुर (ए)।** करांटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील चंद्रा पर आदिवासी छात्राओं ने गंदी बात करने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्राओं ने पूरे मामले की शिकायत गौरेला-पेंड्रा और मरवाही के कलेक्टर से की है। जिसके बाद अब संघ के महासचिव और अध्यक्ष मिलकर स्टूडेंट्स के पेरेंट्स को केस वापस लेने के लिए डरा धमका रहे हैं।

कलेक्टर और एसपी ऑफिस पहुंची कराटे की खिलाड़ी छात्राओं ने बताया कि वे आदिवासी वर्ग से हैं और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में पिछले सात वर्षों से कराटे का प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षक अशोक कुमार वर्मा उन्हें बिना पैसे लिए ट्रेनिंग देते हैं। छात्राओं ने बताया, कराटे संघ के अध्यक्ष सुशील चंद्रा छात्राओं से अश्लील बातें करते हैं। और कोच से अलग रहकर कार में साथ चलने की बात करते हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि कुछ माह पहले जब बहतराई स्टेडियम में राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता हुई थी, तब सुशील चंद्रा ने आयोजन स्थल से दूर ले जाकर छात्राओं को पैसे व पद का प्रलोभन देकर आपत्तिजनक व अश्लील बातें की थी। इसके बाद सुशील चंद्रा अपने ससुराल मरवाही जाकर भी छात्राओं से गंदी बातें करता है। छात्राओं ने बताया कि बीते 17 मई को उन्होंने इस मामले की शिकायत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के कलेक्टर से की है। छात्राओं ने बिलासपुर कलेक्टर और एसपी से भी शिकायत में बताया कि कराटे संघ के अध्यक्ष सुशील चंद्रा के खिलाफ शिकायत करने के बाद संघ के महासचिव अविनाश सेट्ठी के साथ मिलकर सुशील चंद्रा 20 मई को रतनपुर रोड स्थित कोटा के पास इंटरनेशनल ढाबा के पास छात्राओं के पैरेंट्स को बुलाकर केस वापस लेने की धमकी दी।

मां ने 40 साल के बेटे को मार डाला

# महिला बोली- इलाज कराकर और रोज के झगड़े से तंग थी, इसलिए की हत्या

**धमतरी (ए)।** धमतरी में 65 साल की बुजुर्ग मां ने अपने 40 साल के बेटे को मार डाला। वो बेटे का इलाज करवाकर तंग आ चुकी थी। घर में भी कई बार उसका बेटे-बहू से झगड़ा हो चुका था। इसलिए उसने युवक को मारने का प्लान बनाया और हंसिए से कई वार कर बेटे की जान ले ली। फिर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामला रुद्री थाना क्षेत्र का है।





15 मई को गंगरेल बाजार पारा में रहने वाले गणेश पटेल(40) की लाश उसके ही घर पर खून से लथपथ हालत में मिली थी। उसकी मां फुलेश्वरी पटेल ने बताया था कि किसी ने उसके बेटे की हत्या कर दी है। उसका कहना था कि घटना के वक्त उसकी बहू अपने मायके गई थी। मैं दूसरे कमरे में सो रही थी। अगले दिन सुबह सोकर उठी तो गणेश का शव उसके बिस्तर पर पड़ा था।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। जांच में पता चला कि गणेश की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। उसका रायपुर के माना के किसी अस्पताल में काफी समय से इलाज चल रहा था। जिसका खर्चा उसकी मां फुलेश्वरी उठाया करती थी।

### पैसे भी नहीं थे

पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि फुलेश्वरी का उसकी बहू से भी झगड़ा होता था। इसके बाद पुलिस ने युवक की मां से पूछताछ की, तब उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। बुजुर्ग महिला ने बताया कि मैं मजदूरी करती थी। बेटा कभी कभी काम पर जाता था। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इलाज में बहुत खर्च हो रहे थे। पैसे भी नहीं थे। बहू भी किसी न किसी बात को लेकर मुझे परेशान करती थी। रोज झगड़ा होता था। इसलिए मैंने ऐसा किया।

### पेट पर मारा चाकू

आरोपी महिला ने बताया कि 14 मई को गणेश की पत्नी अपने मायके कांकेर चली गई थी। उस दिन घर पर मैं और मेरा बेटा गणेश थे। रात को खाना खाकर वह सो गया था। फिर रात को 3 बजे के आस-पास सोते वक्त हंसिए से उसके पेट पर कई वार किए। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। महिला के जुर्म कबूल करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले का खुलासा सोमवार को किया गया है।

## 8 दिन के बच्चे को मारकर मां ने की खुदकुशी, पेड़ पर लटकी मिली लाश

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक मां ने अपने 8 दिन के बच्चे को फंदे पर लटका दिया। फिर खुद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। दोनों के शव एक ही पेड़ पर ऊपर और नीचे लटके मिले। मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक चरकूराम नागवंशी(27) की शादी मुन्नी बाई(28) से हुई थी। शादी के बाद से वह अपने ससुराल घुघरी में रहता था। घर का खर्चा चलाने के लिए चरकूराम रोजी मजदूरी करता था। बताया गया कि रविवार शाम को वह काम करके घर लौटा था। इसी दौरान खाने के वक्त पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था।

बताया जा रहा है कि घर में सब्जी नहीं बनी थी। इसी वजह से दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी अपने बच्चे को लेकर चली गई। जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। कुछ घंटों बाद परिजनों ने महिला की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह परिजनों को पता चला कि, मां और बेटे की मौत हो चुकी है।

सुबह गांव के लोग खेत की तरफ गए थे। तब उन्होंने ही दोनों के शव को पेड़ पर लटके हुए देखा था। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई थी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ने दोनों शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

इस मामले में यह भी जानकारी सामने आई है कि पति शराब पीने का आदी था। इसी के चलते उसका कई दफा घर में पत्नी से विवाद होता था।

## मानव तस्करी और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, गिरफ्तार नौ लोगों में छह युवतियां शामिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में पुलिस ने मानव तस्करी और सेक्स रैकेट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में छह युवतियां भी शामिल हैं। आरोपियों ने एक नाबालिग को पहले देह व्यापार में धकेला और मना करने पर उससे मारपीट करते थे। लड़की की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। मौके से पुलिस को मोबाइल और आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

पुलिस ने बताया कि, नाबालिग लड़की ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, तीन माह से उसे देह व्यापार के लिए मजबूर किया जा रहा था। मना करने पर उससे मारपीट की जाती थी। इस पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफमानव तस्करी, दुष्कर्म और देह व्यापार के तहत मामला दर्ज किया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने सोमवार को एक मकान में छापा मारा। यहां पर तीन पुरुषों के साथ छह युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में पता चला कि दो आरोपी रायगढ़ और एक कोरबा का रहने वाला है। यह भी ग्राहक हैं, जो देह व्यापार में लिप्त थे। वहीं बाकी छह आरोपी युवतियां जांजगीर की ही रहने वाली हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को अलग-अलग जगह लछनपुर और पिसौद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। फिलहाल आगे जांच की कार्रवाई जारी है।

## गांजा तस्करी करने वाला जीआरपी का गैंग पकड़ाया: एक आरक्षक सहित 4 तस्करों को दुर्ग पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग जीआरपी के सिपाही ने गांजा तस्करी के लिए पूरा का पूरा एक गैंग तैयार कर रखा था। इस गैंग में जीआरपी के कुछ सिपाहियों के साथ ही कई गांजा तस्कर जुड़े थे। इनके द्वारा हर महीने लाखों रुपए के गांजे की तस्करी जिले में की जाती थी। दुर्ग पुलिस ने इस गैंग के चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसमें जीआरपी का एक सिपाही भी शामिल है।

मोहन नगर थाना प्रभारी बिपिन रंगारी ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी की जा रही है। इस अवैध काम में दुर्ग जीआरपी भी शामिल है। उनके द्वारा रेलवे से गांजा की सप्लाई करवाई जाती है। टीआई ने इसकी जानकारी दुर्ग सीएसपी वैभव बैंकर को दी। सीएसपी ने इसके लिए एक विशेष टीम गठित की। टीम मामले की जांच कर ही रही थी कि 21 मई को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग सूर्या होटल के पीछे पीपल के पेड़ के पास बैठे हैं। उनके पास बड़ी मात्रा में गांजा है और वो ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। बिना समय गंवाए मोहन नगर थाने की टीम ने उस जगह को घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उनके पास रखे बैग में गांजा मिला।

आईडी के नाम पर की ठगी

## कैंसर की दवा बेचने पर मोटे कमीशन का झांसा देकर थमा दी 200 रुपए की बीयर और ठग लिए 20 लाख

**रायपुर (ए)।** राजधानी के एक शिक्षक ने कैंसर की दवा बेचने पर मोटा कमीशन कमाने के झांसे में आकर 20 लाख रुपए गवां दिए। गिरोह के सदस्यों के बीच ही पहले कैंसर की दवा बेचकर शिक्षक को भरोसे में लिया गया। इसके बाद जब फिर से दवा की जरूरत हुई तो शिक्षक को 200 रुपए की बीयर की बोतल भेजकर रुपयों की ठगी कर ली गई।



जब तक शिक्षक को कुछ समझ में आता तब तक उससे 20 लाख रुपए की ऐंठ लिए गए थे। शिक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सड्डू निवासी टीके साहू (बदला हुआ नाम) पेशे से शिक्षक है। उन्हें पिछले साल अक्टूबर में सोशल मीडिया में फ्लूड राबिन दवा कंपनी का मैसेज आया।

इसके बाद कंपनी की मैनेजर नताशा स्मृति लगातार मैसेज करती रहीं। कुछ दिनों बाद शिक्षक से उसकी बात भी होने लगी। नताशा ने बताया कि उनकी कंपनी कैंसर का दवा बनाती है। अगर वे इस काम में उनके साथ जुड़ेंगे तो मोटा कमीशन मिलेगा। शिक्षक ने पहले तो मना कर दिया, लेकिन एक माह तक नताशा रोज फोन और मैसेज करती तो शिक्षक ने हामी भर दी। इसके बाद उन्हें दिल्ली बुलाया गया। शिक्षक अपने बेटे के दाखिला के लिए दिल्ली गए थे तो उन्होंने नताशा को फोन किया। नताशा के कहने पर शिक्षक ने 63 हजार उसको जमा कर दिए। इसके पास शिक्षक को कैंसर की दवा बताकर एक बोतल दी गई। इसके कुछ देर बाद शिक्षक को डॉ. वॉल्टर का फोन आया और उसे दिल्ली के मॉल में मिलने के बुलाया। यहां डॉ. वॉल्टर नामक व्यक्ति ने शिक्षक से बोतल लेकर उसके बदले 200 डॉलर दिए।

दूसरे दिन शिक्षक को फोन आया कि दवा बहुत अच्छी और प्रभावशाली है। उन्हें 50 लीटर और चाहिए। डॉक्टर लगातार शिक्षक को फोन करते रहा। तब शिक्षक ने 22 लीटर दवा का ऑर्डर दिया और ऑनलाइन पेमेंट कर दिया। दस दिन के भीतर उनके घर पर 22 लीटर दवाइयां कोरियर से पहुंच गई। शिक्षक ने डॉक्टर को फोन लगाया और दवाइयां कहां सप्लाई करना है, इसके बारे में पूछा। डॉक्टर ने पैसे लेकर खुद रायपुर आने की बात कही।

### नाइजीरियन गिरोह पर शक

साइबर सेल टीआई गौरव तिवारी ने बताया कि दिल्ली और मुंबई में रहने वाले नाइजीरियन अपना गिरोह चला रहे है। वे स्थानीय महिलाओं से शादी करते है। उनकी आईडी से सिम लेते है और खाता खुलवाते है। उन्हें फोन लगवाकर लोगों को फंसाते हैं।

### सुसाइड करने वाला था शिक्षक

शिक्षक ने बताया कि वे डिप्रेशन में चले गए थे। वे खुदकुशी करने वाले थे। परिजनों ने बहुत समझाया। दोस्तों ने हिम्मत दी। तब जाकर पुलिस में रिपोर्ट किए। उन्होंने अपने बच्चे के पढ़ाई के लिए कर्ज लिया था।

## रायपुर में मर्डर: पत्थर से सिर कुचलकर मारा, लाश छोड़कर भागे हत्यारे

**रायपुर (ए)।** रायपुर में एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस को एक सुनसान जगह पर युवक की लाश मिली है। युवक कौन है और किसने इस कांड को अंजाम दिया ये साफ नहीं हो सका है। इसकी जांच की जा रही है। युवक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है। अंदेशा जताया गया है कि इसे इसके ही किसी पुराने परिचित ने मौत के घाट उतारा और फरार हो गया।



घटना थाना खमतराई इलाके की है। थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिला की गोंदवारा बिजली ऑफिस के पास एक लाश है। टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच की। पाया गया कि युवक के सिर व चेहरे पर चोट के निशान हैं। जैसे किसी बड़े पत्थर से सिर कुचलने का प्रयास किया गया हो, चेहरा बिगड़ चुका था।

जहां लाश पड़ी थी, वहां खून बहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस घटना के समय का पता लगा रही है। आस-पास कोई CCTV कैमरा नहीं है। दूसरे इलाकों में भी पुलिस पतासाजी कर रही है। मारे गए युवक की उम्र 30 से 35 साल के आस-पास है। उसके हाथ पर हिन्दी व अंग्रेज़ी में गणेश नाम लिखा है टैटू (गोदना) मिला है। इसके जरिए पुलिस मारे गए युवक के बारे में जानकारी जुटा रही है।


।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

EmailId:- durgmc2019@gmail.com Phone:- 0788-2322148

-:: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना ::-

क्रमांक /ज0प्र0वि0/2023 दिनांक.................

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती है-

| क. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1- | वार्ड क्रमांक 29, अस्पताल वार्ड में कसारीडीह तालाब सौंदर्यीकरण कार्य। 2nd Call SystemNo.134853, Date:19.05.2023 | रू 62.18 लाख | 19.05.2023 से 05.06.2023 खोलने की तिथि 07.06.2023 |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता



कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3373/NIT-7/2023-2024/ व ले लि दिनांक : 19/05/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-26/05/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 30/05/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :-31/05/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 7 T0117 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक ०१ बालोद के अंतर्गत उप तहसील कार्यालय भवन देवरी आई टी आई संजारी जज क्वार्टर एफ-१२ बालोद शास हायर सेकेण्डी दुधली मुडखुसरा एवं भीमकन्हार का | 18.49 13868.00 277350.00 |
| 7 T0118 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में सर्वे का कार्य कुल लंबाई 28.40 कि मी 16523 प्रथम आमंत्रण | 4.03 4030.00 60450.00 |
| 7 T0119 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक २ बालोद के अंतर्गत उमरादाह से निपानी मार्ग का सर्वे का कार्य 16523 प्रथम आमंत्रण | 1.70 1700.00 25500.00 |
| 7 T0120 | 202-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक १ बालोद के अंतर्गत जी टाईप आवासीय भवनो का मरम्मत कार्य 15623 प्रथम आमंत्रण | 15.20 11400.00 228000.00 |
| 7 T0121 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक १ बालोद के अंतर्गत जी टाईप आवासीय भवन का मरम्मत कार्य 16523 प्रथम आमंत्रण | 15.63 11723.00 234450.00 |
| 7 T0122 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला भवन कान्दुल का मरम्मत कार्य 16523 प्रथम आमंत्रण | 5.29 3968.00 79350.00 |
| 7 T0123 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भवन हरदी (ट) का मरम्मत कार्य 16523 प्रथम आमंत्रण | 3.95 4300.00 64500.00 |
| 7 T0124 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन हथौद पुनराकसा एवं मिडिल स्कूल भवन परसुली तुरमुडा एवं बालक आश्रम दुर्गीटोला का मरम्मत कार्य 16523 प्रथम | 9.40 7050.00 141000.00 |
| 7 T0125 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय मिडिल स्कूल भवन तवेरा का मरम्मत कार्य 16523 प्रथम आमंत्रण | 15.73 11798.00 235950.00 |
| 7 T0126 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक १ बालोद के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भवन कसही लो; अंडी एवं कन्या मिडिल स्कूल भवन डौडीलोहारा का मरम्मत कार्य 16523 | 19.09 14318.00 286350.00 |
| 7 T0127 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक १ बालोद के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन उरेता कमकापार मिडिल स्कूल भवन हितापाथार एवं हाई स्कूल भवन डौडीलोहारा का मरम्मत कार्य 16523 प्रथम | 19.16 14370.00 287400.00 |
| 7 T0128 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक १ बालोद के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भवन जुंगेरा एवं आलेखुटा का मरम्मत कार्य 15623 प्रथम आमंत्रण | 5.44 [illegible] 81600.00 |
| 7 T0129 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक १ बालोद के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन किल्लेकोडा कारूटोला मिडिल स्कूल भवन किल्लेकोटा एवं हाई स्कूल भवन किल्लेकोडा का मरम्मत कार्य 16523 | 16.95 12713.00 254250.00 |
| 7 T0130 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक २ बालोद के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन चिखली चिपरा एवं मिडिल स्कूल भवन नर्राटोला चिखली का मरम्मत कार्य 15623 | 18.85 14138.00 282750.00 |
| 7 T0131 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक २ बालोद के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन धोटिमटोला दारूटोला एवं मिडिल स्कूल भवन धाोटिमटोला एवं करियाटोला का मरम्मत कार्य 16523 | 19.75 14813.00 296250.00 |
| 7 T0132 | 2023-24 लो नि वि अनुविभाग कमांक २ बालोद के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन हाथीगोर्रा कोकान साल्हे एवं मिडिल स्कूल भवन साल्हे का मरम्मत कार्य 16523 | 19.88 14910.00 298200.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

नियम व शर्ते :- 1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) निविदाकारों की श्रेणी "द" से "अ" , निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि "02 माह " होगी। 5 निविदा प्रपत्र के साथ Annexure-1, Annexure-2 And Annexure-3 फार्म भरना अनिवार्य होगा नही भरे जाने पर आपका निविदा प्रपत्र निरस्त किया जावेगा। (प्रपत्र संलग्न)

जी-01492/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.बालोद संभाग बालोद



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ कल नेहरू नगर में होगा आयोजित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 24 मई को निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के जरिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। महापौर नीरज पाल इस दौरान वार्ड छेत्र का दौरा करते हुए लोगों से रूबरू होंगे और समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करेंगे। निगम तुहर द्वार के अंतर्गत महापौर संग गोठ के शिविर का आयोजन 24 मई को जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 नेहरू नगर सियान सदन में आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को शिविर स्थल की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। वही अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शिविर का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का निराकरण होगा। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से रखा गया है। प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री मितान योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शहरी आजीविका मिशन के तहत व्यक्तिगत लोन एवं अन्य योजना, नए नल कनेक्शन, गुमास्ता लाइसेंस एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस, भवन, दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान का नियमितीकरण, स्ट्रीट लाइट संधारण, संपत्तिकर, भू भाटक, जलकर, यूजर चार्ज वसूली काउंटर, पाइपलाइन, बोर, पंप, हैंड पंप संधारण, वार्ड स्तर पर नाली रोड टूट-फूट संधारण, सफाई कार्य तथा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शिविर में लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

### बीएसपी सीएसआर ने धौराभाटा गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा मॉर्डन स्टील विलेज (एमएसवी) धौराभाटा में दिनांक 20 मई, 2023 को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 16 लोगों ने जांच करवाया, जिसमें 08 पुरूष, 07 महिलाएं तथा 01 बच्चा शामिल था। एमएसवी धौराभाटा में आयोजित चिकित्सा शिविर में मेडिकल टीम की ओर से डॉ ईशा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती फिरोजा जोसेफ, फॅर्मासिस्ट श्री शशि भूषण रॉय, पंजीकरण हेतु श्री शंभू और विभागीय प्रतिनिधि व सीएसआर सहायक ए के सोनी उपस्थित थे। इस शिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।

### स्वयंसेवकों से चतुर्थ श्रेणी भृत्य एवं कुक के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** नगर सेना विभाग के स्वयंसेवकों से चतुर्थ श्रेणी भृत्य व कुक (रसोईया) के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें दुर्ग जिले के लिए कुक एवं भृत्य हेतु 1-1 पद के लिए ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संभागीय सेनानी नगर सेना एवं एस.डी.आर.एफ रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्धारित प्रपत्र में 2 जून 2023 को सांय 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर जिला दुर्ग के पद हेतु कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना दुर्ग में जमा करना होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त माना जाएगा। आवेदन से संबंधित जानकारी कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना से प्राप्त कर सकते हैं।

# भेंट मुलाकात में लोगों ने बताई समस्या विधायक ने तत्काल करवाया समाधान

## जिम और बैडमिंटन कोर्ट की घोषणा जल्द करेंगे निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर निगम भिलाई जोन 4 क्षेत्र के न्यू खुर्सीपार स्थित वार्ड 47 न्यू खुर्सीपार में भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड का दौरा किया और लोगों से भेंट मुलाकात की। इस दौरान लोगों से मिले उनका हालचाल जाना वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद लिए। वार्ड युवाओं से हाथ मिलाया सब का कुशल क्षेम जाना।।**



वार्ड भ्रमण के दौरान वे शिव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने शिव जिनके दर्शन किए सभी की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वार्ड में बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें वार्ड के युवा महिला व वरिष्ठ नागरिक जनप्रतिनिधि सभी उपस्थित रहे। सभी से विधायक शहर और वार्ड के विकास पर चर्चा की। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में सार्थक चर्चा हुए। वार्ड के कुछ नागरिकों ने बैठक में कुछ छोटी-मोटी समस्याएं व मांग भी रखी। तब विधायक देवेंद्र यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का तत्काल समाधान करे।साथ ही कुछ लोगों ने शासन की जनहितकारी पट्टा योजना का लाभ दिलाने की मांग की तो कुछ लोगों ने पेंशन नहीं मिले व कुछ लोगों ने राशन कार्ड जैसी योजनाओं के लाभ के लिए मांग की है। तब विधायक ने उन्हें कहा कि उनकी शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। वार्ड में हो रहे विकास के संबंध में जब चर्चा हुई तब लोगों ने बताया कि वार्ड में अच्छा विकास हो रहा है। सड़क नाली पानी,गार्डन, मंच निर्माण जैसे कई विकास कार्य हो चुके है। लोगों ने ही बताया कि अब वार्ड की नियमित रूप से सफाई होती है और पानी भी उन्हें भरपूर मिल रहा है। पहले गर्मी के दिनों में पानी की बड़ी समस्या रहता था। लोग बहुत परेशान रहते थे लेकिन अब बीते कुछ सालों से जब से विधायक बने हैं। तब से वार्ड में पानी की बिल्कुल भी समस्या नहीं है। लोगों के घरों में वह सार्वजनिक नलों में भरपूर पानी आता है।

इसी प्रकार लोगों ने बताया कि बच्चों की खेलकूद के लिए मैदान और आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल व कॉलेज भी क्षेत्र में बने हैं। जिससे क्षेत्र में काफी विकास हुआ है और बच्चों को काफी सुविधाएं मिली है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवम जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, एवम वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## सेमरिया के बांधा तालाब में लगे बिजली के खंभे से ग्रामवासी चिंतित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** ग्राम सेमरिया के बांधा तालाब को लेकर जनहित में एक आवेदन जनदर्शन में पहुंचा था। जिसे ग्रामवासियों के सहमति के साथ सरपंच द्वारा प्रस्तुत किया गया था। सरपंच का कहना था कि ग्रामवासी प्रतिदिन दैनिक दिनचर्या के निर्वहन के लिए इस तालाब का उपयोग करते हैं। तालाब में बारों माह जे.के. लक्ष्मी सीमेंट के खदान से पाईप लाईन द्वारा पानी ग्रामवासियों एवं किसानों के उपयोग के लिए प्रदान किया जाता है। परंतु दैनिक दिनचर्या के उपयोग के लिए तालाब में लगे बिजली के खंभे ग्रामवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। पानी वाले स्थाान में बिजली के खंभे लगे होने के कारण कभी भी अप्रत्याशित दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणजन चाहते हैं कि आने वाली बरसात से पहले यदि इन बिजली के खंभों को हटा दिया जाए तो दुर्घटना की संभावना को नगण्य किया जा सकता है। इसलिए सरपंच का निवेदन था कि तालाब में गड़े इन बिजली के खंभे को यथाशीघ्र यहां से हटाया जाए। आवेदन को बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया गया।

जनदर्शन में प्राप्त अन्य एक और आवेदन में राजेन्द्र विहार के एक निवासी द्वारा बिजली के अस्थाई कनेक्शन की सुरक्षा निधि राशि वापस दिलवाए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदक का कहना था कि वह लगभग एक साल से सुरक्षा निधि की राशि प्राप्त करने के लिए बिजली विभाग का चक्कर काट रहा है।

## रिकॉर्ड 56 दिनों में कैपिटल रिपेयर के बाद आरएमपी-3 का किल्न-4 उद्घाटित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा आरएमपी-3 के किल्न-4 को कैपिटल रिपेयर के पश्चात पुन: उत्पादन के लिए लाइट अप किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि यह कैपिटल रिपेयर रिकॉर्ड 56 दिनों में पूर्ण किया गया है। ज्ञात हो कि किल्न में 900 टन रिफैक्ट्री ब्रिक्स का उपयोग किया जाता है। यह स्टेट ऑफआर्ट तकनीक से सुसज्जित गैस फायर्ड किल्न है।

सुरक्षा का ध्यान रखते हुए कार्य के निष्पादन में सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग का विशेष सहयोग रहा। किल्न कैपिटल रिपेयर में मुख्य रूप से पूर्णत: रिफेक्ट्री लाईनिंग व सेल प्लेट चेंजिंग का कार्य किया गया। इस दौरान मुख्य तीन मॉडिफिकेशन भी किए गए है जिससे किल्न की उपलब्धता बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी तथा संयंत्र को लाभ अर्जित होगा। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक कार्य का संपादन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने आरएमपी-3 तथा अन्य सहयोगी विभागों को बधाई देते हुए किल्न की उपयोगिता बढ़ाने तथा अनुरक्षण के परिपालन पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने इस रिपेयर को विशेष बताते हुए, इसके सफल संपादन में अपनाये मूल कार्य की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में बेहतर उत्पादन की कार्ययोजना पर विचार रखें।

रिफैक्ट्री विभाग के महाप्रबंधक प्रशांत साहा तथा सहायक महाप्रबंधक शबीर अली का रिफैक्ट्ररी कार्य में तथा इंस्ट्रूमेंटेषन, ऑटोमेशन एवं इन्कास आदि विभागों का भी विशेष योगदान रहा। सहायक महाप्रबंधक प्रह्लाद मौर्या द्वारा कैपिटल रिपेयर पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार, मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक राकेश जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### निर्माण से संबंधित मटेरियल सड़क पर बिखेरने वालों की बिल्डिंग परमिशन की भी हो रही है जांच

## भिलाई निगम की टीम वार्ड एवं मोहल्ले में घूम-घूम कर गंदगी फैलाने वालों पर लगा रही है जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई की टीम वार्ड एवं मोहल्ले में घूम-घूम कर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगा रही है तथा गंदगी फैलाने वालों को चेतावनी दी जा रही है कि सार्वजनिक स्थान एवं नाली में कचरा न डालें साथ ही आसपास साफसफाई व्यवस्था बनाए रखने भी कहा जा रहा है।**



इधर निर्माण मटेरियल सड़क पर बिखेरकर रखने वालों को सख्त चेतावनी दी जा रही है, निर्माण एवं विध्वंस के मटेरियल को जब्ती करने के साथ ही जुर्माना भी लगाया जा रहा है। निर्माण सामग्री सड़कों पर फैलाने वालों की बिल्डिंग परमिशन की भी जांच की जा रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने वालों पर, गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं देने वालों पर, सड़क बाधा करने वालों से भी जुर्माना लिया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मापदंडों के अनुरूप भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए निगम द्वारा पुरजोर प्रयास किया जा रहा है और सभी जोन के अधिकारियों द्वारा लगातार वार्ड क्षेत्रों का निरीक्षण सफाई व्यवस्था को लेकर किया जा रहा है। ऐसे में गंदगी फैलाने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए उनसे जुर्माना वसूल किया जा रहा है। 25 लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय करने को लेकर 15000 रुपए जुर्माना, गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं देने पर 17 लोगों से 3600 रुपए जुर्माना, सड़क बाधा शुल्क के रूप में 62000 रुपए जुर्माना, 9 लोगों से निर्माण एवं विध्वंस के मटेरियल को बिखेर कर गंदगी फैलाने पर 34500 रुपए जुर्माना तथा भैंस खटाल संचालित कर गंदगी फैलाने वाले लोगों से 111000 रुपए जुर्माना वसूल करने की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिक निगम भिलाई कि सभी से अपील है कि गंदगी न फैलाएं और आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई को अच्छे पायदान पर लाने अपना सहयोग प्रदान करें।

#### 5 करोड़ 44 लाख की लागत से गौरवपथ उतई टेम्पो चौक से लेकर जेल तिराहों तक डामरीकरण कार्य शुरू,विधायक व महापौर ने किया निरीक्षण

## विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी शासन से भरपूर राशि उपलब्ध कराई जा रही है: अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधायक अरुण वोरा ने कहा शहर विकास कार्यो के लिये धनराशि की कमी नही होगी। विकास कार्य बड़े पैमाने पर तेजी से किये जा रहे हैं।नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दुर्ग का हृदय स्थल मार्ग गौरवपथ सिविल लाइन उतई टैम्पो चौक से लेकर जेल तिराहा तक सड़क डामरीकरण कार्य आज शुरू हो गया है।



करीब 5 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से 2.035 किलोमीटर लंबी रोड का डामरीकरण किया जा रहा है।जिसके लिए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद,अब्दुल गनी,दीपक साहू, हमीद खोखर,मनदीप सिंह भाटिया, अनूप चंदानिया,प्रकाश जोशी एवं आम नागरिकों के साथ मशीन पर श्रीफल तोड़कर सड़क डामरीकरण कार्य शुरू करवाकर निरीक्षण किया। डामरीकरण कार्य होने के बाद अतिशीघ्र आकर्षक विद्युत पोल लगाया जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के बीचोंबीच गौरवपथ व्यस्ततम रोड के डामरीकरण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था पर कोई असर न पड़े, इसके लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही है। आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करते हुए डामरीकरण कार्य किया जायेगा ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो।यह सिलसिला तब तक चलेगा जब तक शहर के सभी सड़को को पक्का न कर लिया जाये।विधायक अरुण वोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को लगभग साढ़े चार साल हो चुके हैं। इन सालों में कांग्रेस की सरकार ने जनता से जुड़ी हर समस्या का निवारण करने का पूरा प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि जनता को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है। चाहे वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो या आर्थिक मदद हो या फिर रोजगार हो, इसके साथ-साथ जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की गई है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा हमारी सरकार निरन्तर विकास कार्यों एवं जनमानस की आवश्यकताओं की पूर्ति करने प्रयासरत् है।

वे हमेशा से अपने आप को जनता के बीच में रखकर उनकी समस्याओं को अपना मानकर शीघ्र समस्या का निवारण करने का प्रयास करते हैं। विधायक अरुण वोरा ने कहा शहर के सभी वार्डो में विकास कार्यो के लिये धनराशि की कमी नही होगी। इस अवसर पर मौजूद कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर, एल्डरमेन श्रीमति रत्ना नारमदेव,अजय मिश्रा, हेमंत तिवारी,राजेश धनकर, नन्दू,पासी अली सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सन्नी अग्रवाल ने बाटा श्रमिक सम्मेलन में चेक एवं ई रिक्शा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जिला महासमुंद स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय हाई स्कूल मैदान में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि सुशील सन्नी अग्रवाल द्वारा समिलित होकर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को चेक , ई रिक्सा एवं अन्य सामग्री वितरित किया इस दौरान उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिको के हित में चल रही विभिन्न योजनाओं एवं उनकी सफलताओं को अवगत कराया।

# आधार अपडेशन के लिए लग रहे शिविर का लाभ उठाकर करवा ले अपडेशन और बनवा ले आयुष्मान कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आधार अपडेशन के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 मई तक आयोजित होगा। नगर पालिक निगम भिलाई की आम नागरिकों से अपील है कि जिन्होंने अब तक अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं कराया है वह अपना आधार कार्ड शीघ्र ही अपडेट करा लें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी यह अत्यंत आवश्यक है जरूरी दस्तावेजों के लिए भी आधार अपडेशन जरूरी है।

10 वर्ष पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है उन्हें आधार अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। ताकि उन्हें इस आधार पर अन्य दस्तावेजों को बनाने में सहूलियत हो और दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अब तक कई लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपना आधार अपडेट करवा लिया है



साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनवा लिया है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर कर्मचारियों के द्वारा डोर टू डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन आधार अपडेशन नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें हो रही है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड होना जरूरी है। राशन कार्ड निगम के सभी जोन कार्यालय के चॉइस सेंटर में बनाया जा सकता है।

आधार अपडेशन के लिए इन वार्ड क्षेत्रों में आयोजित होगा शिविर उठाए लाभ और कराए आधार अपडेशन दिनांक 23.05.2023 को वार्ड क्रं. 10 लक्ष्मी नगर भीम नगर पुराना वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं. 25 जवाहर नगर हा.बोर्ड स्पोर्टस काम्पलेक्स, वार्ड क्रं. 53 सेक्टर 01 उत्तर डोम शेड सड़क 26, वार्ड क्रं. 47 राधाकृष्ण मंदिर बिहारी कालोनी दुर्गा मंच, वार्ड क्रं. 66 सेक्टर 07 पूर्व सेक्टर 07 पार्षद कार्यालय के पास, दिनांक 24.05.2023 को वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर टाटा नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 26 राम नगर कर्मा भवन लोधी पारा, वार्ड क्रं. 54 सेक्टर 01 दक्षिण जनता कार्यालय क्रिकेट मैदान के पास, वार्ड क्रं. 48 जोन 03 खुर्सीपार पम्प हाउस मैदान, वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 पश्चिम रेल्वे स्टेशन बस्ती, दिनांक 25.05.2023 को 12 अवंती बाई कोहका बजरंग चैंक कर्मा भवन के पास, वार्ड क्रं. 27 शास्त्री नगर दुर्गा मंच, वार्ड क्रं. 55 सेक्टर 02 पूर्व डोम शेड सड़क 06 शक्ति सदन, वार्ड क्रं. 49 सुभाष मार्केट खुर्सीपार सिद्वी विनायक मंच गणेश मंच के पास, वार्ड क्रं. 68 सेक्टर 08 शिव मंदिर सड़क 12 बीएनएस, दिनांक 26.05.2023 को वार्ड क्रं. 13 पुरानी बस्ती कोहका मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 28 प्रेम नगर चैता मैदान भवन, वार्ड. 56 सेक्टर 02 पश्चिम डोम शेड सड़क 06 शक्ति सदन, वार्ड क्रं. 50 शास्त्री नगर गणेश मंच सड़क 36 व 37 के मध्य, वार्ड क्रं. 69 सेक्टर 08 वरिष्ठ नागरिक मंच, दिनांक 29.05.2023 को वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन, वार्ड क्रं. 29 वृन्दानगर वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं. 51 शहीर वीर नारायण सिंह नगर उड़िया भवन कार्तिक चैंक, वार्ड क्रं. 70 शहीद कौशल यादव हुड़को सियान सदन, दिनांक 30.05.2023 को कॉन्ट्रेक्टर कालोनी आमोद भवन में शिविर का आयोजन होगा।

## सांसद बघेल की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक, सामाजिक सुरक्षा पर रहा विशेष जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केन्द्रीय योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई जिसमें सड़क मरम्मत, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा पेंशन इत्यादि की वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया और योजनाबद्ध तरीके से बचे हुए कार्यों को पूर्ण करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं पर विभागों को फोकस करने के लिए कहा ताकि कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर अवसर मिले और समावेशी विकास का विस्तार हो। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि का भुगतान समय पर हो इसके




लिए बैंक प्रबंधन के साथ संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने की बात कही। इसके अलावा जहां बैंक जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहां बैक सखियों के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित कराने की बात कही। जिले के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बेहतर से बेहतर सेवा प्राप्त हो इसके लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य संबंधी प्रबंधन की दिशा में विशेष निर्देश दिए। जिसमें डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाईयों के पर्याप्त स्टॉक और अस्पताल में सभी प्रकार के टेस्ट की सुविधा उपलब्ध हो उस दिशा निरंतर सकारात्मक कार्य करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए मुलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनहित को ध्यान में रखकर इन क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए और किसी कमी की स्थिति में तुरंत खामियों को बहाल करने के लिए कहा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950